सुप्रभात
रांची, शनिवार
11.02.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 209

भारत ही दिलायेगा विश्व को समृद्धि : नरेंद्र मोदी




PROJECT LAUNCH AT SITE ON SUNDAY 12TH FEBRUARY, TIME -11:00 AM ONWARDS

AVAIL INAUGURAL DISCOUNT, BOOK BEFORE 28TH FEB 2023

HIGHLIGHTS

- 03 KM FROM HATIA RAILWAY STATION
- 06 KM FROM BIRSA MUNDA AIRPORT
- 03 KM FROM HOSPITAL
- 04 KM FROM RING ROAD
- 0.3 KM FROM DONBOSCO HIGH SCHOOL
- TRUSTED BUILDER
- TOTAL OPEN SPACE 65%
- LUSH LANDSCAPED GARDEN
- JOGGING TRACK







CONSTRUCTION BASED ON
MIVAN TECHNOLOGY
ADVANCED AND INNOVATIVE ALUMINIUM FORMWORK TECHNOLOGY SITE

ARCHITECT
THE GROUP
ARCHITECTS, PLANNERS, ENGINEERS, INTERIORS

1, 2 & 3 BHK APARTMENTS & PENTHOUSES










Gurugracia.com

PROJECT APPROVED FROM ALL LEADING BANKS
SBI | ICICI Bank | इलाहाबाद बैंक ALLAHABAD BANK | Canara Bank | AND MANY MORE

EMAIL: info@basargarhheritage.com, basargarhheritage@gmail.com | WEBSITE: www.basargarhheritage.com

FOR SALES ENQUIRIES
62060 38898 | 70047 84793 | 91221 93571 | 99553 43866 | 9508139161

RERA REGISTRATION NO.: JHARERA/PROJECT/37/2023 | RERA REGISTERED PROJECT NAME: BASARGARH HERITAGE
CORPORATE OFFICE: AMAYARA TOWER' NEAR HYUNDAI SHOWROOM, KACHNAR TOLI, NIFFT, HATIA, RANCHI - 834003. | SITE OFFICE: DONBOSCO HIGH SCHOOL, EKTA NAGAR, HESAG, HATIA RANCHI, JHARKHAND.

Disclaimer: This advertisement is indicative in nature & may not constitute as an offer or invitation for the purpose of registration/ booking/ sale. The visual and other representations including amenities, specifications in this advertisement are purely conceptual/ artistic/ impressions and do not constitute a legal offering or binding, the actual could substantially differ from the above. The viewer/ prospective buyer may seek all such information including sanctioned plans, approvals, development schedule, specifications, facilities & amenities, from the company in respect of the concerned project/ phase that he/ she/ they may be interested in, before any such booking/ registration, etc. Further, details of the project/ phase are available on the company/ site/ marketing office(s) and/ or company website @ www.basargarhheritage.com, as provided above, and on the website of JHA RERA @ jharera.jharkhand.gov.in or at its office.

सुप्रभात
रांची, शनिवार
11.02.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 209



12 डीपनेक ड्रेस में नेहा मलिक ने फ्लॉन्ट किया फिगर

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on: 9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## सदन में सीतारमण : किसी एक व्यक्ति नहीं आम को ध्यान में रखा, यही है बजट सार

# हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है

**वित्त मंत्री ने सदन में चर्चा के जवाब में कहा**

- जरुरतों और आर्थिक सीमाओं का संतुलन रखा गया
- जीजा-भतीजा का समर्थन करने वाली पार्टी नहीं है भाजपा
- करप्शन पर बोलने का कांग्रेस को नैतिक अधिकार नहीं



### गरीबी पर राजनीति नहीं हो

वित्त मंत्री ने कहा कि गरीबी पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस इस मामले में खुद शीशे के घर में हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी उस समय मनरेगा के लिए जो राशि जारी की जाती थी वह भी खर्च नहीं हो पाती थी। विपक्ष के लोग आरोप लगाते हैं कि हम गरीबों की बात नहीं करते हैं। जब मैं आंकड़े देकर बात कर रही हूं तो वे हंस रहे हैं। क्या ये सही है? कांग्रेस की सरकारें बिना सोचे समझे कदम उठातीं हैं। उन्होंने कहा कि करप्शन पर बोलने का कांग्रेस को बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में आम बजट 2023-24 पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। वित्त मंत्री ने बजट के सार के बारे में बोलते हुए कहा कि यह बजट राजकोषीय विवेक की सीमाओं के भीतर भारत के विकास अनिवार्यताओं की आवश्यकताओं को संतुलित करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। सरल शब्दों में कहा जाये तो बजट 2023-24 राजकोषीय विवेक की सीमा के भीतर भारत की विकास अनिवार्यताओं की आवश्यकता को आश्चर्यजनक रूप से संतुलित करता है। यह बहुत ही नाजुक संतुलित रणनीति है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि हम किसी एक व्यक्ति को ध्यान में रखकर नहीं बल्कि सभी को ध्यान में रखकर नीतियां बनाते हैं। हम जीजा और भतीजा का समर्थन करने वाली पार्टी नहीं हैं। यह कांग्रेस की संस्कृति है। कांग्रेस की संस्कृति पहले आरोप लगाने और जवाब सुनने की जगह चिल्लाने और वॉकआउट करने की है। उन्होंने कहा कि अभी भी देख लीजिए सच्चाई सामने आने पर चिल्ला रहे हैं।

**राज्यों को ट्रांसफर किये जा रहे संसाधन :** इसी बीच निर्मला सीतारमण ने कहा कि सभी संसाधनों को राज्यों को ट्रांसफर किया जा रहा है, यानी टैक्स से केंद्रीय हिस्सा और केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत रिलीज कुल मिलाकर 17.98 लाख करोड़ होने का अनुमान है। यह पिछले साल की तुलना में 1.55 लाख करोड़ ज्यादा है। उन्होंने जीएसटी कंपेनसेशन बकाये पर कहा कि पश्चिम बंगाल को 823 करोड़ रुपये कंपेनसेशन नहीं जारी किये गये हैं क्योंकि राज्य की ओर से एजी की रिपोर्ट सबमिट नहीं की गयी है। पिछले कई वर्षों से राज्य ने ये रिपोर्ट नहीं भेजी है। उन्होंने कहा कि हम राशि जारी करने के लिए तैयार हैं पर जो प्रक्रिया है उसे राज्य सरकार को पूरा करना चाहिए।

### ऐसा नहीं होना चाहिए

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पिछले साल का बजट पढ़ने पर निर्मला सीतारमण ने कहा कि ऐसा किसी के भी साथ हो सकता है, पर ऐसा होना नहीं चाहिए। उन्होंने हिमाचल प्रदेश की नवनिर्वाचित कांग्रेस सरकार को भी शपथ ग्रहण के बाद पेट्रोल-डीजल पर वैट लगाने के लिए निशाने पर लिया।

# सौ से अधिक कांडों का इनामी नक्सली दुर्योधन ने हथियार डाला

## 15 लाख था इनाम, कुच्चू में हमला कर 17 जवानों को कर दिया था शहीद

### चंद्रपुरा स्टेशन पर हमला बोल लूटे थे दो दर्जन हथियार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 15 लाख का इनामी नक्सली मिथिलेश सिंह उर्फ दुर्योधन महतो उर्फ बड़ा बाबू ने शुक्रवार को रांची रेंज के आईजी कार्यालय में विधिवत सरेंडर कर दिया। उस पर 104 नक्सली कांडों का आरोप है। वर्ष 2000 में हजारीबाग के कुच्चू थाना एरिया में सीआरपीएफ जवानों पर हमला बोला था जिसमें 17 जवान शहीद हो गये थे। वर्ष 2003 उसने बोकारो के चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन पर हमला कर दो दर्जन हथियार लूटे थे। उतरी छोटानागपुर जोनल कमेटी के अंतर्गत ऊपरघाट, झुमरा पहाड़, विष्णुगढ़ और रामगढ़ के क्षेत्र (इसे जिलगा सबजोन कहते हैं) की कमान दुर्योधन के जिम्मे था। वह 90 के दशक में छात्र संगठन से जुड़कर माओवादी संगठन में शामिल हुआ था। 15 जनवरी को वह नक्सली संगठन से अलग हो गया था। इस कारण संगठन ने उसे गद्दार भी घोषित कर दिया था। आत्मसमर्पण के दौरान आईजी अभियान एवी होमकर रांची रेंज के आईजी पंकज कंबोज सहित राज्य पुलिस और सीआरपीएफ के कई आला अधिकारी मौजूद थे। (शेष पेज 11 पर)




### झारखंड- बिहार ने बनायी नक्सलियों पर नकेल की रणनीति

**रांची।** नक्सल अभियान में तेजी लाने और जिले में क्राइम कंट्रोल को लेकर चतरा परिसदन में झारखंड-बिहार के पुलिस अधिकारियों के साथ चतरा एसपी राकेश रंजन के अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक की। दरअसल चतरा जिले में लगातार नक्सल गतिविधि की जानकारी सामने आ रही है। बैठक में नक्सली संगठनों के विरुद्ध संयुक्त अभियान लॉन्च करने समेत इंटरस्टेट और इंटर-डिस्ट्रिक क्रिमिनल एक्टिविटी पर लगाम लगाने पर जोर दिया गया। चतरा एसपी की अध्यक्षता में नक्सल एवं अपराध पर अंकुश लगाने की रणनीति पर रणनीति बनायी गयी। नक्सली और अपराधियों की धड़पकड़ में एक-दूसरे का सहयोग तथा नशीले पदार्थों, नशीली दवाइयों पर समन्वय के साथ कार्य करने पर सहमति बनी। चतरा की सीमा अन्य राज्यों को छूती हैं। कई बार नक्सली संगठन और आपराधिक गिरोह घटनाओं को अंजाम देने के बाद पड़ोसी राज्य में शरण ले लेते है।

### महाशिवरात्रि पर बाबाधाम में चार प्रहर की होगी पूजा

**रांची।** महाशिवरात्रि 18 फरवरी को है। देवघर बाबा मंदिर में रात नौ बजे तक जलार्पण के बाद मंदिर का पट बंद कर दिया जायेगा। साढ़े नौ बजे से बाबा भोलेनाथ की चार प्रहर की विशेष पूजा की जायेगी। इसके लिए मंदिर प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। महाशिवरात्रि पर परंपरा के अनुसार बाबा भोलेनाथ की श्रृंगार पूजा नहीं होगी। सेंट्रल जेल के कैदियों के बनाये मुकुट को बाबा मंदिर भेजने की परंपरा नहीं होगी। इस मुकुट को बासुकिनाथ भेजा जायेगा। जेल के कर्मचारी पूरी पवित्रता के साथ बासुकिनाथ मंदिर को सौंपेंगे। बाबा मंदिर प्रशासनिक भवन से पारंपरिक बारात निकाली जायेगी।

# गुरुजी की तबीयत सुधरी दो-तीन दिन में होंगे डिस्चार्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के पूर्व सीएम व झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की तबीयत में सुधार हो रहा है। पहले से उनकी हालत बेहतर है। फिलहाल वो मेदांता अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में हैं, जल्द ही उन्हें डिस्चार्ज कर दिया जायेगा। मेदांता के अधिकारी मंजूर अहमद ने बताया कि शुक्रवार को वह काफी खुश नजर आ रहे हैं। हालत सामान्य रहा तो दो-तीन दिन में उन्हें डिस्चार्ज किया जा सकता है। गुरुवार को दोपहर अचानक तबीयत बिगड़ने पर आनन-फानन में उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीएम हेमंत सोरेन भी अपने पिता को देखने के लिए गुरुवार को देर शाम अस्पताल पहुंचे थे। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख भी अस्पताल हाल जानने पहुंचे। मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन करीब तीन घंटे तक शिबू सोरेन के साथ समय बिताये और डॉक्टरों से जानकारी ली।



## न्यूज डायरी

### कांग्रेस सांसद रजनी बजट सत्र तक निलंबित

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही फिल्माने के कारण कांग्रेस सांसद रजनी पाटिल को शेष बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा, "सार्वजनिक क्षेत्र में ट्विटर पर इस सदन की कार्यवाही से संबंधित एक वीडियो का प्रसार किया गया। मैंने इसे गंभीरता से लिया और वह सब किया जो जरूरी था।

### पीएलएफआइ के दो उग्रवादी गिरफ्तार

**लोहरदगा।** पुलिस ने पीएलएफआई के सक्रिय हार्डकोर दो उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी आर रामकुमार ने बताया कि संगठन के एरिया कमांडर अपने दस्ते के साथ जिले के हेंजला कालीपुर जंगल में किसी बढ़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था। पुलिस ने दोनों को दौड़ा कर पकड़ लिया। उसके पास से हथियार व कारतूस के साथ साथ कई महत्वपूर्ण सामग्री बरामदगी करने में भी कामयाब रहे। इनमें एक सुरेश रांची जिला के चान्हो थाना क्षेत्र के बलसोकरा का निवासी है। दूसरा मुन्ना, लातेहार जिला के चंदवा के मड़मा गांव का निवासी है।

### रांची पुलिस ने कुख्यात सन्नी दिल्ली में धराया

**रांची।** रांची पुलिस ने कुख्यात अपराधी सन्नी सिंह को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। सन्नी सिंह उर्फ ऋषभ सिंह पिछले पांच सालों से फरार चल रहा था। सुखदेव नगर इलाके का रहने वाला कुख्यात सन्नी सिंह पर दर्जनों मामले दर्ज हैं। वह रांची, बोकारो के साथ-साथ पश्चिम बंगाल पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था।

### इसरो ने रचा इतिहास, सबसे छोटे रॉकेट की सफल लांचिंग

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी-एल-डी-2) ने शुक्रवार को यहां से उड़ान भरी तथा ईओएस-07 उपग्रह और दो अन्य उपग्रहों को उनकी कक्षा में स्थापित कर दिया।

### खड़गे झारखंड में आज हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू करेंगे

**रांची।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शनिवार को झारखंड आ रहे हैं। वे सुबह 10 बजे दुमका पहुंचेंगे। यहां से हेलिकॉप्टर से कार्यक्रम स्थल तक जायेंगे। खड़गे साहिबगंज के गुमानी से हाथ-से-हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत करेंगे। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के बाद पार्टी के आह्वान पर प्रदेश कांग्रेस द्वारा शनिवार को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का शुरू किया जा रहा।

### डालटनगंज-गया रेल लाइन को मंजूरी

**रांची।** डालटनगंज-गया रेल लाइन को रेल मंत्रालय से मंजूरी मिल गयी है। रेल लाईन के सर्वे के लिए 20 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। इस परियोजना के पूरा होने से रांची से पटना की दूरी लगभग तीन घंटे कम होगी। वहीं पलामू से पटना जाने में करीब 4 घंटे कम समय लगेगा। यह रेल लाइन गया रफीगंज भाया डालटनगंज तक जायेगी। फिलहाल, रांची से पटना जाने में 9 से 14 घंटे लगते हैं।

**गहना आभूषण**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 54,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 72,000 रु./प्रति किलो |

# पूजा सिंघल को मिली दो माह की अंतरिम जमानत

### खराब स्वास्थ्य को ले सुप्रीम कोर्ट में लगायी थी गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मनरेगा घोटाला और मनी लॉड्रिंग मामले में जेल में सजा काट रही झारखंड कैडर की आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को को दो महीने की अंतरिम जमानत मिल गयी है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के बाद दो महीने की जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस संजय मिश्रा की बेंच में हुई। अंतरिम जमानत मिलने से पूजा सिंघल को बड़ी राहत मिली है। पूजा सिंघल ने अपने और बेटी के स्वास्थ्य का हवाला देते हुए जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगायी थी। मामले की सुनवाई के बाद आइएएस पूजा सिंघल को अंतरिम जमानत मिल गयी है। (शेष पेज 11 पर)

# पाकिस्तान हर शर्त मानने को राजी, फिर भी लोन नहीं

### आइएमएफ का डेलीगेशन पाकिस्तान से लौटा, कोई गारंटी नहीं

एजेंसी

**कराची।** आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान आइएमएफ की हर शर्त मानने को तैयार है। इसके बावजूद उसे लोन मिलने की कोई गारंटी नहीं मिली है। पाकिस्तान के वित्तमंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को अहम जानकारियां दी। पाकिस्तान के वित्तमंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को इस दिशा में उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी दी। इसके मुताबिक आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए एमइएफपी नाम का दस्तावेज दिया है। एमइएफपी एक अहम दस्तावेज है, जिसमें लोन की सभी शर्तों, इस बाबत उठाये जाने वाले कदमों और पॉलिसीज का जिक्र है। इसी के आधार पर आईएमएफ और पाकिस्तान के बीच स्टाफ स्तरीय समझौता होना है। इस बीच कोई अहम बयान जारी किए आईएमएफ डेलीगेशन पाकिस्तान से लौट चुका है, जिससे कई सवाल उठ रहे हैं।

**सुधार थोड़े तकलीफदेह, पर जरूरी :** पाकिस्तानी वित्तमंत्री इशाक डार ने कहा कि आइएमएफ के सुझाव के आलोग में इन चीजों को सही करने की जरूरत है। यह सुधार थोड़े तकलीफदेह तो हैं, लेकिन बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहाकि इमरान सरकार की गलत नीतियों के चलते यहां पर आर्थिक बदहाली आई है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान वह सभी कदम उठायेगा जिस पर आइएमएफ ने सुझाव दिया है। गौरतलब है आईएमएफ डेलीगेशन करीब दस दिन तक रहने के बाद गुरुवार की रात पाकिस्तान से निकल गया। इसके बावजूद अभी भी लोन को लेकर संशय के हालात बने हुए हैं। इशाक डार ने कहा कि हमें एमईएफपी ड्राफ्ट मिल गया है। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ दिन जरूर लगेंगे।

# सीएम हेमंत से मिले टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक



**रांची।** मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय कांके रोड में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी नरेन्द्रन एवं टाटा स्टील के अन्य वरीय अधिकारियों ने मुलाकात की। दोनों के बीच उद्योग हित में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बताया जाता है कि यह शिष्टाचार भेंट थी।

# 8 साल पहले शुरू इटखोरी महोत्सव बना सबसे बड़ा पर्व

## 19 को सीएम करेंगे उद्घाटन, तीन दिनी राजकीय उत्सव की तैयारियां तेज

पंकज कुमार सिंह

**चतरा।** चतरा जिले के इटखोरी स्थित भद्रकाली मंदिर में 19 फरवरी से तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसकी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। सीएम हेमंत सोरेन इसका उदघाटन करेंगे। पहली बार जब भद्रकाली मंदिर परिसर में इटखोरी महोत्सव का शुभारंभ हुआ तो शायद यह किसी को कल्पना नहीं थी कि यह महोत्सव चतरा का सबसे बड़ा पर्व का रूप ले लेगा। 2015 में शुरू हुआ इटखोरी महोत्सव साल-दर-साल भव्यता का रूप लेता चला गया। इटखोरी महोत्सव को वर्ष 2016 में राजकीय उत्सव का दर्जा मिला। (शेष पेज 11 पर)



### महोत्सव से पर्यटन विकास के हुए कई काम

इटखोरी का ऐतिहासिक भद्रकाली मंदिर अब त्योहार के दौरान भक्तों और पर्यटकों की भीड़ से गुलजार रहता है। आधी रात तक मंदिर परिसर में उत्साह का माहौल रहता है। इटखोरी महोत्सव ने मां भद्रकाली मंदिर परिसर के साथ जिले के धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के विकास का भी द्वार खोल दिया है। सरकार द्वारा पर्यटन विकास को लेकर कई योजनाएं संचालित की गयी हैं। मंदिर परिसर के लिए 500 करोड़ रुपये के मास्टर प्लान भी तैयार किया गया है। इसके तहत साढ़े चार करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक म्यूजियम का निर्माण कार्य मंदिर परिसर में जारी है। सवा दो करोड़ रुपये की लागत से बिजली व्यवस्था तथा ढ़ाई करोड़ रुपये की लागत से अतिथिशाला का भी निर्माण कराया जा चुका है।

# स्कूल में प्रार्थना के दौरान गिरा छात्र अस्पताल जाने से पहले तोड़ा दम

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के बिरनी थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल में एक छात्र की मौत हो गयी। प्रार्थना के दौरान छठी कक्षा का छात्र अचानक गिर पड़ा। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया। पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना शुक्रवार सुबह 9 बजे की है। मृत छात्र हितेश कुमार बिरनी के मंझलाडीह का रहने वाला था। बिरनी थाना क्षेत्र के भलुआ स्थित एक निजी स्कूल में सुबह की प्रार्थना चल रही थी। छात्र के अचानक गिरकर बेहोश होने के बाद स्कूल प्रबंधन के द्वारा उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी ले जाया गया। जानाकारी मिलने पर छात्र के परिजन भी अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया और अस्पताल में हो-हंगामा भी किया। छात्र के परिवार वालों ने आरोप लगाया कि उसे सही वक्त रहते हुए इलाज नहीं मिला।

## स्पीड न्यूज

### धूप और बरसात में भी पहुंचने वाले ग्रामीणों को मिलेगी राहत : प्रदीप



**मनातू, पलामू।** प्रखंड के चक पंचायत के करमाही में जिप सदस्य प्रदीप चावला ने दो लाख 49999 रुपये से बनने वाली श्मशान शेड निर्माण का शिलान्यास किया। शेड बनने से शव लेकर पहुंचने वाले ग्रामीणों को परेशानियों से निजात मिलेंगी। धूप-बरसात में भी पहुंचने वाले ग्रामीणों को राहत मिलेगी। मौके पर सफीक अंसारी, अंतु यादव, प्रमोद सिंह, अरविंद यादव, उप मुखिया रमेश यादव, लालदेव यादव, राजू भुइयां, प्रेम उरांव शामिल थे।

### भाजपा की बैठक में पार्टी मजबूती पर चर्चा



**विश्रामपुर पलामू।** भाजपा ग्रामीण मंडल बिश्रामपुर कार्यसमिति की बैठक सिगसिगी पंचायत सचिवालय में पार्टी अध्यक्ष अमरेश तिवारी की अध्यक्षता में हुई। संचालन महामंत्री राधाकृष्ण साव ने किया। बैठक में हर महीने सभी दस पंचायत के हर घर जाकर पार्टी को मजबूत बनाने का सुझाव व प्रस्ताव पारित किया गया। मिशन 2024 एक बार फिर मोदी सरकार बनाने हेतु बूथों को सशक्त करने पर जोर देते हुए पन्ना प्रमुख सहित मोदी सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में प्रभारी सह मुख्य अतिथि रामचंद्र यादव, महामंत्री आशीष पांडेय, उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, महामंत्री राधा साव, शिवबंश मिश्रा, अध्यक्ष अनुज चौधरी, उपाध्यक्ष सतेंद्र नारायण सिंह, रामब्रत दुबे, शिवकुमार, उपेंद्र तिवारी, अनिल पासवान, संजय मेहता, रामानंद तिवारी, क्यास चौधरी भी थे।

### कमेटी की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड स्तरीय स्टेरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना की बैठक प्रखंड सभागार में शुक्रवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ राज किशोर प्रसाद ने की। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिसमें विद्यालय प्रधानाध्यापक का प्रतिदिन मध्याह्न भोजन का एसएमएस करना अनिवार्य होगा। विद्यालयों में मीनू के अनुसार ही भोजन दिया जाएगा एवं रसोई घर के दीवाल पर मध्यान भोजन का मीनू अनिवार्य रूप से अंकित किया जायेगा। अब विद्यालय के अध्यक्ष या संयोजिका को गोदाम जाकर चावल की उठाओ करने की आवश्यकता नहीं होगी। विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की राशि की कमी पर भी चर्चा की गई। बैठक में एमओ, बीइइओ हरेंद्र तिवारी, विभिन्न विद्यालयों से माता समिति के अध्यक्ष एवं संयोजिका और एक शिक्षक प्रतिनिधि, मृत्युंजय पाठक, रामस्वरूप मिस्त्री, मंजू देवी, रागिनी देवी, लक्ष्मी देवी, टैबून निशा, मध्याह्न भोजन से विवेक सिन्हा, सीआरपी सुधीर मिश्रा उपस्थित थे।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**पाटन पलामू।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत पलामू एसपी के निर्देश पर पाटन थाना के सामने वाहन चेकिंग अभियान चला। इस दौरान थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया कि सभी दो और चार पहिया वाहनों की जांच हुई। वाहन का रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य दस्तावेज नहीं पाये जाने पर कार्रवाई की गई। जिसमें सात बाइक जब्त कर डीटीओ को कार्रवाई के लिए भेज दिया है। बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों को सख्त हिदायत दी गयी कि अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें। कार्रवाई की जायेगी। वाहन चेकिंग में एसआई रोबिन कुमार,एसआई राकेश कुमार व अन्य पुलिस बल शामिल थे।

### हनुमान मंदिर का गुंबद निर्माण प्रारंभ



**चैनपुर पलामू।** कश्यप मुहल्ला स्थित सिद्धपीठ मनोकामना हनुमान मंदिर का गुंबद निर्माण शुक्रवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के नेतृत्व में शुरू हुआ। मौके पर युवा वाहिनी कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, बिजू बाबा, अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी (पिंकू), पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, प्रमंडलीय संरक्षक अरविंद पांडेय, राकेश पांडेय, रवि ओझा, प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी व प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय ने विधिवत पूजा अर्चना कर निर्माण शुरू कराया। मालूम हो कि एक सप्ताह पूर्व युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय) ने वाहिनी के नेतृत्व में गुंबद निर्माण की घोषणा की थी। अभी तक धर्मप्रेमी अर्जुन पांडेय ने कई गुंबद बनवाये हैं। मौके पर अजय पांडेय, सुमीत पांडेय, अनुप चंद्रवंशी व अन्य मौजूद थे।

### बरडीहा में नया ट्रांसफार्मर लगने से बिजली आपूर्ति शुरू : उमेश



**पाटन पलामू।** पाटन छतरपुर विधायक प्रतिनिधि (जिला परिषद) उमेश सिंह ने पाटन प्रखंड के बरडीहा में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उदघाटन किया। श्री सिंह ने कहा कि प्रखंड के किशनपुर पंचायत के अंतर्गत ग्राम बरडीहा में गत एक सप्ताह से गांव में बिजली का ट्रांसफार्मर खराब होने के वजह से ग्रामीणों को बिजली नहीं मिल पा रही थी । ग्रामीणों ने इसकी जानकारी श्री सिंह को दी। इसके बाद उमेश सिंह के पहल पर पलामू के पूर्व सांसद मनोज कुमार और पाटन छतरपुर के क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी के सौजन्य से ग्राम बरडीहा में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर बिजली विभाग द्वारा तत्काल उपलब्ध करवाया गया। उसके पश्चात उमेश सिंह के द्वारा अपने निजी खर्चे से जेसीबी लगवाकर तथा ट्रांसफॉर्मर को फिटिंग कर चालू करवाने का कार्य किया गया। ट्रांफार्मर लगने के बाद ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति शुरू की गई।

# पलामू में राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला 11 और 12 फरवरी को

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दुबियाखाड़ में राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का आयोजन 11 एवं 12 फरवरी को किया जायेगा। राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग, सदर एसडीओ राजेश कुमार साह, डीटीओ अनवर हुसैन, सदर अंचल अधिकारी झुन्नू मिश्रा, डीएसओ प्रीति किस्कू, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, राजा मेदनी राय स्मृति न्यास सह मेला समिति के अध्यक्ष व सचिव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

**विभिन्न सरकारी विभागों के लगेंगे स्टॉल परिसंपत्ति का होगा वितरण**



बैठक में मेला के दौरान विभिन्न विभागों के स्टाल लगाने, परिसंपत्तियों का वितरण करने, विभिन्न सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने सभी विभाग के पदाधिकारियों को मेदनीराय की याद में लगने वाले मेले को बेहतर तरीके से सफल बनाने हेतु निर्देशित किया। वहीं उन्होंने मेला परिसर में मोबाइल शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मेला परिसर में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था रखने की बात कही। इसके अलावा यातायात व्यवस्था व पर्याप्त सुरक्षाबल व मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति को लेकर भी सदर एसडीओ को निर्देशित किया।

# हुसैनाबाद के पत्रकार परमानंद और नौडीहा के सच्चिदानंद को इलाज के लिए मिलेंगे 20,000

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में उपायुक्त ने हुसैनाबाद के वरिष्ठ पत्रकार परमानंद चौधरी को ईलाज हेतु आर्थिक सहायता के रूप में रेड क्रॉस के माध्यम से 20 हजार रुपये की आर्थिक मदद की।

**...और किन-किन की सुनी गयी समस्याएं**



इसी तरह पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नौडीहा के सचिदानंद सिंह ने उपायुक्त से निवेदन किया कि मैं मोटो निरोल नस से संबंधित बीमारी से ग्रसित हूं, जिस पर उपायुक्त ने सचिदानंद को ईलाज हेतु 20 हजार रुपये की आर्थिक मदद रेड क्रॉस के माध्यम से की। इसी तरह जनता दरबार में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कनौदा निवासी धर्मेंद्र उरांव ने सिचाईं एवं मछलीपालन करने के लिए भूमि संरक्षण विभाग से तालाब का जीर्णोद्धार कराने का अनुरोध उपायुक्त से किया। इसी तरह विश्रामपुर थाना क्षेत्र के राजन कुमार ने जमीन मोटेशन करवाने की गुहार उपायुक्त से की। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड आदि से सबंधित आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# एक माह का राशन नहीं देने पर ग्रामीण गोलबंद

➲ प्रखंड सह आपूर्ति पदाधिकारी से की जांच की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत पथरा में बिंदु देवी स्वेम सहायता समूह के द्वारा जनवरी माह की राशन बिना दिए फरवरी माह देने और एक माह का राशन की गोलमाल से गुस्साये लगभग 50 ग्रामीणों ने एक लिखित शिकायत प्रखण्ड विकास सह आपूर्ति पदाधिकारी रतन कुमार सिंह से किया। ग्रामीणों ने कहा हैं हमलोगों के डीलर हमेशा से नियमित राशन नही देते है जिसके कारण इस माह का उस माह में वितरण किया जाता हैं। वहीं आधा राशनकार्डधारी को वे वितरण ही करते हैं। ग्रामीण डीलर के खिलाफ आक्रोशित थे। इस सबन्ध में स्थानीय संवाददाता ने हुसैनाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से संपर्क किया तो उनका फोन स्विच ऑफ आया हालांकि ग्रामीण जनता मुखिया व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाया हैं तथा जांच की मांग की हैं। मौके पर विजय पासवान, रामबचन राम, रामजी राम, प्रवेश राम, अमृता देवी, हैवंती देवी, बबिता देवी लीला देवी, कुसुम देवी समेत 50 कई संख्या में महिला एवं पुरूष कार्डधारी उपस्थित थे।

# शिविर लगाकर विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या का किया गया निदान

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं की लगातार शिकायत मिलने पर विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में विद्युत विभाग के अभियंताओं ने शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, सहायक अभियंता संजय कुमार, कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह मौजूद थे। शिविर में पहुंचे सैकड़ों उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। सहायक अभियंता संजय कुमार ने बताया कि एक दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निष्पादन कर दिया गया है। अन्य से आवेदन प्राप्त कर उनके निदान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एनसीपी नेता विनय कुमार सिंह ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का समाधान छतरपुर या मेदिनीनगर से होना है,उसमे थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने कहा कि समय समय पर शिविर लगा कर उपभोक्ताओं की समस्या का निदान किया जायेगा।



शिविर में एनसीपी के प्रदेश महासचिव, अभियंता व उपभोक्ता।

**एनपीए खाते को लेकर बैठक आहूत :** मेदिनीनगर। पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बैठक की। इसमें स्थाई लोक अदालत एवं बैंक अधिकारी उपस्थितथे। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत को ले भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि जितने भी एनपीए खाता हैं उनको जल्द से जल्द नोटिस निर्गत कर बैंक में ही कैंप का आयोजन कर निपटारा किया जायेगा। इसके लिए जल्द ही तिथि निर्धारित की जायेगी। बैठक में स्थाई लोक अदालत के सदस्य व बैंक के लोग उपस्थित थे।

# गुरी सर्वेश्वरी का असहाय और विकलांगों के बीच वस्त्र वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के खुली गांव स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह में कार्यक्रम किया गया। जहां विशेष पूजा-पाठ, आरती के बाद सफल योनि का पाठ कर गोष्ठी की गयी। साथ ही 6 घंटे का अखंड कीर्तन व प्रसाद बांटा गया। आयोजन गुरी गांव के श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह में परम पूज्य गुरु पद बाबा जी के आगमन के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किया गया। अध्यक्षता व संचालन जयराम मिश्रा ने की। श्री मिश्रा ने कहा कि माता-पिता व गुरु ही कुल देवी देवता हैं, गुरु से परे कुछ भी नहीं। गुरु के बताये मार्ग पर चल कर किसी भी असंभव को संभव बनाया जा सकता है। समाज के युवा भटकते हुए दिख रहे हैं उन्हें सही मार्ग दिखाने की जरूरत है। कहा कि परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु ने श्री सर्वेश्वरी समूह की स्थापना भटके लोगों को सही राह दिखाने के लिए, असहाय व उपेक्षित लोगों की सेवा, प्राणी मात्र के कल्याणार्थ के लिए की है।

# किसान ब्रिगेड 23 मार्च को करायेगा किसान महापंचायत : कर्नल डॉ संजय

›› लोगों से कार्यक्रम में भाग लेकर सफल बनाने का आह्वान

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** किसान ब्रिगेड के तत्वाधान में हुसैनाबाद विधानसभा सहित पूरे पलामू के किसानों के विभिन्न समस्यायों को लेकर 23 मार्च दिन गुरुवार को किसान महा पंचायत का आह्वान किया है। उक्त जानकारी किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के गलत नीतियों की वजह से अभी भी किसान युवा और महिला वर्ग आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित है और शोषित महसूस कर रहे हैं। इन्हीं समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और इसके समाधान के लिए किसान ब्रिगेड जपला अनुमंडल के कपूरी मैदान में हुसैनाबाद के सभी किसानों की महापंचायत करने का निर्णय लिया है। इसके माध्यम से हाल के सर्वे ऑनलाइन में हुए भूमि गड़बड़ी का रिसर्वे, बिजली विभाग की मनमानी, सिंचाई की व्यवस्था, बालू की कील्लत, बेरोजगारी की समस्या आदि को प्रमुखता से सरकार के सामने रखा जायेगा।

### सतबरवा : इलाज के दौरान घायल युवक की मौत

**सतबरवा पलामू।** थाना क्षेत्र के पुराना बस स्टैंड के समीप रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बीती रात सड़क दुर्घटना में घायल मनातू थाना क्षेत्र के सुरगुजा निवासी रिंटू तूरी (20) पिता राजेंद्र तुरी की मौत इलाज के दौरान हो गई। बताया जाता है कि रिंटू मनिका थाना क्षेत्र के मटलौंग से बहन के घर छठी से वापस अपने गांव जा रहा था। जैसे ही सतबरवा पुराना बस स्टैंड के समीप पहुंचा, सड़क पर गिर कर गंभीर हो गया। ग्रामीणों व सतबरवा थाना पुलिस की मदद से नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सतबरवा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को आरएमएचसी अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### मनातू : मनोहर गंझू के घर पुलिस ने साटा इश्तेहार



**मनातू पलामू।** मनातू थाना कांड संख्या 45/17 के प्राथमिकी अभियुक्त मनोहर गंझू उर्फ मनोहर जी उर्फ दिनेश गंजू पिता स्व बृहस्पति गंजू ग्राम तेमराबासर बसिया थाना बालूमाथ जिला लातेहार के घर पर मनातू थाना के पुअनि जितेंद्र मिश्र के द्वारा इश्तहार चिपकाया गया और ढोल नगाड़ों के साथ इश्तहार का तमिला किया गया। साथ में पुलिस ने अभियुक्त के परिजनों को सख्त हिदायत दिया कि अभियुक्त मनोहर जल्द से जल्द न्यायालय में आत्मसमर्पण करे नहीं तो कुर्की जब्ती की जायेगी। मौके पर पुअनि जितेंद्र मिश्र के साथ बालूमाथ पुलिस के पदाधिकारी भी शामिल थे।

### संगठन के कार्यक्रमों को मंडल से बूथ स्तर तक ले जायेंगे : दुर्गा जौहरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** भाजपा सतबरवा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक की अध्यक्षता में मंडल कार्यकारिणी समिति की बैठक शुक्रवार को ब्रह्म स्थान स्थित यात्री शेड में हुई। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह मंडल प्रभारी दुर्गा जौहरी उपस्थित थे। संचालन महामंत्री चंचल कुमार कर रहे थे। श्री जौहरी ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता मिलकर संगठन के कार्यक्रमों को मंडल से बूथ स्तर तक मजबूती के साथ लेकर जायेंगे। वहीं सांगठनिक ढांचे पर अनेकों तरह के बिंदुओं पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष रवि प्रसाद, मंडल संयोजक महेश्वर सिंह, सांसद प्रतिनिधि सोनु सिकंदर, भाजपा कार्यसमिति सदस्य आशीष सिन्हा आदि मौजूद थे।

### अधिवक्ता की बाइक कोर्ट परिसर से चोरी

**मेदिनीनगर।** अधिवक्ता सह बड़कागांव निवासी समीर चंद्र पांडेय का स्पलेंडर बाइक नंबर जेएच03पी-7827 चोरों ने कोर्ट परिसर स्थित एसडीओ कार्यालय के सामने से चुराकर भाग गये। भुक्तभोगी श्री पांडेय ने बताया कि वे एसडीओ कार्यालय के पास बाइक लगाकर अपने कुसी पर बैठकर काम करने चले गये। कुछ देर बाद दिन के करीब 11 बजे आये तो बाइक गायब पाया। बाइक का खोजबीन किया लेकिन कहीं नहीं मिला। भुक्तभोगी श्री पांडेय शहर थाना में बाइक चोरी का मामला दर्ज कराया है।

### पाप के विरुद्ध संग्राम के संकल्प के साथ मनेगा नीलकंठ दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** आनंद मार्ग में 12 फरवरी को पाप के विरूद्ध संग्राम के संकल्प के साथ नीलकंठ दिवस मनाया जायेगा। इसे लेकर पदाधिकारियों ने बताया कि आनंद मार्ग के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति जी को बिहार के पटना बांकीपुर केन्द्रीय कारागार में 12 फरवरी 1973 को दवा के नाम पर विष दिया गया था। अपने ही अनुयायियों की हत्या करवाने के झूठे आरोप में इंदिरा सरकार की तानाशाही व्यवस्था ने आनंद मार्ग के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति जी को गिरफ्तार कर बांकीपुर जेल भेज दिया गया। एक सेल में बंद अस्वस्थ वातावरण में बहुत दिनों तक रहने से बीमार पड़ना स्वाभाविक था। जेल के अंदर बाबा बीमार पर गए उस समय जेल के चिकित्सक डॉ एचके घोष थे। जान बूझकर सरकार ने डॉ घोष को बदलकर एक दूसरे चिकित्सक डॉ रहमतुल्ला खान को ले आया। श्री श्री आनंदमूर्ति जी बाबा उस समय काफी बीमार चल रहे थे।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों का एफएलएन प्रशिक्षण उपयोगी : बीइइओ



**हरिहरगंज पलामू।** स्थानीय बीआरसी भवन में शुक्रवार को शिक्षकों का चार दिवसीय मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामानंद सिन्हा, बीपीएम रेखा कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बीइइओ ने कहा कि अध्ययनरत बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बताए गए बिंदुओं को शिक्षक अपने विद्यालय में जाकर लागू करें। जिससे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पूरा हो सके। बाद में मास्टर ट्रेनर अभिलाषा कुमारी,सत्य विजय सिंह,प्रणव कुमार तथा रितेश कुमार द्वारा विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों को उपरोक्त विषय का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं बीपीएम रेखा कुमारी ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गैर आवासीय है। इस अवसर पर लेखापाल कमलेश कुमार, अमरजीत पटेल, बीआरपी अनुज मिश्रा, एमआईएस संतोष कुमार, मृत्युंजय कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

# कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने गरीब बहन की शादी में किया सहयोग

■ दिसंबर 2022 से अबतक 40 गरीब बहनों की शादी में किया गया है सहयोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के गरीब बेटियों के लिए कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी सहारा बनकर आगे आ रहा है। सोसाइटी की ओर से शुक्रवार को पलामू जिला अंतर्गत मुगीर्डीह गांव निवासी सर्वजीत परहिया की पुत्री को विवाह सामग्री दिया गया। सोसाइटी के जिला कोषाध्यक्ष उषा कुमारी ने बताया कि बाल विवाह को रोकने के लिए संस्था की ओर से लड़कियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विवाह सामग्री का वितरण किया जाता है। संस्था की ओर से बर्तन सेट, बेडशीट, तकिया, रजाई तोशक, बक्सा वर वधू के कपड़े और सिंगार का सामान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी झारखंड बिहार सहित छत्तीसगढ़ में भी हजारों लड़कियों को शादी में सहयोग कर चुका है। गढ़वा जिला में संस्था की ओर से सामाजिक और जागरूकता कार्यक्रम लगातार किए जा रहे हैं। संस्था गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग गरीबों के बीच कंबल वितरण और बाल विवाह भ्रूण हत्या दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान भी चलाती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अप्रैल 2022 से अब तक 40 गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग किया है। जबकि 2022 दिसंबर में सामूहिक विवाह भी सोसाइटी के द्वारा कराया गया था। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष के अलावे अमन सागर, लल्लन साहू, अंचल कुमार, अवध चंद्रवंशी संतोष कुमार, पूनम देवी आदि उपस्थित थे।




गरीब बेटी को आर्थिक सहयोग करते सोसायटी के सदस्य।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

■ विद्यार्थियों का शैक्षणिक वातावरण, लगन, योगदान और अनुशासन अविस्मरणीय : प्राचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में समारोह आयोजित कर कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को बिदाई दी गई। कार्यक्रम का उदघाटन विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने किया। इसी संदर्भ में बालिकाओं के द्वारा स्वागत नृत्य की मनोरम प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा बारहवीं के छात्रों के लिए अनेक प्रस्तुति एवं भाषण दी गई। कक्षा ग्यारहवीं की बालिकाओं द्वारा सामूहिक गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति हुई। इसी क्रम में 12वीं के वार्षिक गतिविधियों के आधार पर टीनू सिंह को मिस ऑक्सफोर्ड एवं करण कुमार को मिस्टर ऑक्सफोर्ड के रुप चुना गया। बारहवीं के छात्रों ने अपने अनुभव प्रस्तुत किए। बारहवीं छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार के सामूहिक खेल एवं मनोरंजन हुए। मिस्टर ऑक्सफोर्ड करण कुमार एवं मिस ऑक्सफोर्ड टीनू सिंह के द्वारा भी विद्यालय, छात्रों और शिक्षकों के अनुभव, गुणवत्ता कर्मठता की प्रशंसा की गई। प्रियांशु, दिव्यांशु, ईशिका, पीयुष, टीनू, तन्मय, सौम्या, युवराज, कुमकुम, आदित्य, प्रशान्त, रत्ना, प्रीति, मंथन, करण, ओम, अदिति, अमन, रीशू और नैयर आदि छात्रों ने क्रमशः विद्यालय और शिक्षकों के प्रति अपने-अपने विचार व्यक्त किये।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि व अन्य।

# श्रीराम मंदिर की वर्षगांठ पर संगीतमय श्रीराम कथा 22 से

■ 21 को भव्य शोभायात्रा के साथ शुरू होगी 7 दिवसीय श्रीराम कथा
■ मंदिर समिति के सदस्य जमशेदपुर के एक लाख घरों में पहुंचा रहे आमंत्रण पत्र
■ अध्योध्या के पंडित गौरांगी वाचेंगे कथा, घर-घर बांटे जा रहे आमंत्रण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा के तत्वाधान में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर स्थापना के तृतीय वर्षगांठ पर संगीतमय श्रीराम कथा समेत अन्य आयोजन आगामी 21 से 28 फरवरी तक सुनिश्चित की गई है। सूर्य मंदिर समिति ने शहर के एक लाख लोगों के घरों तक आमंत्रण पत्र भेजने का लक्ष्य लेकर आस्थावान श्रद्धालुओं से राम काज हेतु 20 रुपये का आर्थिक सहयोग का आह्वान किया है।

शुक्रवार को सूर्य मंदिर सभागार में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने 21 फरवरी से 28 फरवरी तक होने वाले श्रीराम कथा एवं अन्य आयोजनों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, तृतीय वर्षगांठ आयोजन समिति के संयोजक गुंजन यादव, महासचिव अखिलेश चौधरी समेत मीडिया प्रभारी प्रेम झा एवं प्रमोद मिश्रा मौजूद रहे।

चंद्रगुप्त ने बताया कि सूर्य मंदिर लोगों की भागीदारी और जनसहयोग से बना और आज आस्था के केंद्र बिंदु के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने लौहनगरी वासियों से 21 को शोभा यात्रा सह नगर भ्रमण एवं संगीतमय श्रीराम कथा में अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आह्वान किया।

सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सूर्य मंदिर के मुख्य संरक्षक एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के संकल्प के प्रतीक श्रीराम मंदिर के तृतीय वर्षगांठ पर मंदिर समिति के द्वारा विशेष पूजन-हवन समेत कई आयोजन सुनिश्चित किये गए हैं। 21 को भव्य शोभायात्रा एवं श्रीराम कथा के सफलता और भव्यता को लेकर कार्यों का बंटवारा किया गया है। तृतीय वर्षगांठ आयोजन समिति के माध्यम से कार्यों को वर्गीकृत कर सदस्यों को व्यवस्थागत जिम्मेदारी दी गयी है। मंदिर समिति के सदस्य विभिन्न क्षेत्रों में लोगों के घर जाकर उन्हें श्रीराम कथा में शामिल होने हेतु आमंत्रित कर रहे हैं।

**प्रसाद वितरण 28 को 7.30 बजे से :** आयोजन समिति के संयोजक गूंजन यादव ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 21 की दोपहर 3 बजे होगा। 28 की संध्या 7:30 बजे से महाप्रसाद वितरण के साथ महोत्सव संपन्न होगा। दोपहर 3 बजे बिरसानगर स्थित तीन नंबर जोन के कुआं मैदान से एक भव्य शोभा यात्रा निकलेगी, जो सूर्य धाम पहुंचकर संपन्न होगी। शोभा यात्रा में झांकी, बैंड-बाजा, सुसज्जित रथ, गाजे-बाजे व ध्वज आकर्षण का केंद्र रहेंगे। 22 से 28 तक लगातार श्री राम कथा की मर्मज्ञ कथा वाचिका श्री अयोध्याधाम निवासी पंडित गौरांगी गौरी जी शंख मैदान में श्रीरामचरित मानस की संगीतमय कथा प्रस्तुत करेंगी।



श्रीराम कथा आयोजन की जानकारी देते सूर्य मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यगण।

### किस दिन कौन सा आयोजन

- दिनांक : 21 फरवरी (बुधवार) को शोभा यात्रा, दोपहर 3 बजे, बिरसानगर जोन नंबर 3 कुंवा मैदान से सूर्यधाम
- **संगीतमय श्री रामकथा का शुभारंभ**
- 22 फरवरी- श्री राम कथा महिमा
- 23 फरवरी- शिव विवाह
- 24 फरवरी- श्री राम जन्मोत्सव
- 25 फरवरी- बाल लीला
- 26 फरवरी- श्री सीताराम विवाहोत्सव
- 27 फरवरी- केवट प्रसंग व भरत चरित्र
- 28 फरवरी- वन लीला एवं श्री राम राज्याभिषेक
- 28 फरवरी- भंडारा (महाप्रसाद), संध्या 7 बजे से

## एक नजर में

### जुस्को श्रमिक यूनियन ने दी सेवानिवृत्त सदस्यों को विदाई



**जमशेदपुर।** जुस्को श्रमिक यूनियन के प्रांगण में श्री रघुनाथ पांडे जी और पदाधिकारियों की उपस्थिति में टाटा स्टील यूआइएसएल (पूर्व नाम जुस्को) में कार्यरत कर्मचारी जो रिटायर हो गए 31 जनवरी से उनका फेयरवेल दिया गया। सेवानिवृत सदस्य जीपी महतो, एच पाल, सिंह जयचंद, एएस खान, एसके सिंह, केके सिंह और शर्मिला गुप्ता को माला पहना कर स्वागत किया गया और गिफ्ट वाउचर भी दिया गया। जुस्को श्रमिक यूनियन के तरफ से इस कार्यक्रम में रघुनाथ पांडे जी ने रिटायरमेंट हुआ लोगो के द्वारा जूस्को कंपनी को दिये गये बहुमूल्य समय के लिए तथा कंपनी को आगे बढ़ाने में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिए तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अध्यक्ष श्री पांडेय ने सुझाव दिया कि आप अपने निजी जीवन में जिस कार्य को नहीं कर पाये, जहां समय नहीं दे पाए उस काम को करने के लिए अब आपके पास समय है और अपनी इच्छा को पूरी करें। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी अमरनाथ तिवारी, मनीष दुबे, सीडीएस कृष्णा गोपाल जयसवाल, मनोज, उमेश, बुलबुल, पी कुमार, अखिलेश आदि उपस्थित थे।

### सीटू के नेताओं ने अनुबंध पर कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों के आंदोलन को दिया समर्थन



**जमशेदपुर।** अनुबंध पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों की न्यायोचित मांगों एवं संघर्ष को पूर्ण समर्थन देते हुए, जिला कमेटी और संबद्ध यूनियनों के बैनर तले सीटू के सदस्यों ने 10 फरवरी को पूरे झारखंड में राज्यव्यापी एकजुटता दिवस मनाया। सदर अस्पताल के सामने धरना दे रही आंदोलनकारी स्वास्थ्यकर्मियों को संबोधित करते हुए सीटू के महासचिव विश्वजीत देब ने कहा कि सीटू राज्य कमेटी राज्य सरकार से मांग करती है कि आश्वासन के अनुसार 2014 के नियमावली के तहत अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मियों के सेवाओं को नियमित करने की दिशा में तत्काल उचित कदम उठाते हुए प्रभावित जन स्वास्थ्य सेवा को बहाल किया जाए । सीटू की यह भी मांग है कि अनुबन्धित कर्मचारी द्वारा किया जा रहा कोई भी काम किसी भी बदली वर्कर या किसी आउटसोर्स एजेंसी के कर्मचारियों से नहीं कराया जाना चाहिए। सीटू को उम्मीद है कि जिस तरह से कर्मचारी हित में राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने और आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका, मनरेगा श्रमिकों, पारा शिक्षकों के लिए अनुकूल और सराहनीय निर्णय लिए गए इसी तरह राज्य सरकार द्वारा इन अनुबंधित कर्मचारियों के लिए सहानुभूतिपूर्ण निर्णय लिया जाएगा।

### हिंदुत्व को समर्पित रहा स्व बीके त्रिवेदी का जीवन : रघुवर दास



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को राजस्थान धर्मशाला के समीप, मानगो डिमना रोड में हिंदू हृदय सम्राट स्वर्गीय श्री बी के त्रिवेदी जी के 81 वीं जन्म जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन जय महाकाल सेवा संघ की ओर से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रघुवर दास शामिल हुए। हजारीबाग के पूर्व सांसद सह भाजपा के प्रदेश पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय जी बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा स्वर्गीय बी के त्रिवेदी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर और दीप प्रजवान कर हुआ जिसके पश्चात ब्राम्हणों की टोली द्वारा संखनाद और स्वस्ति वाचन के साथ शुरू हुआ। आए हुए अतिथियों का स्वागत शॉल और रामचरित्र मानस भेंट कर किया गया ।मुख्य अतिथि श्री रघुवर दास जी ने कहा की स्वर्गीय श्री बी के त्रिवेदी जी का हिंदुत्व के प्रति योगदान बहुत बड़ा योगदान रहा है। उनका पूरा जीवन समाज सेवा और हिंदुत्व के प्रति समर्पित रहा। भगवा झंडा भारत की पहचान है औरहिंदुओं की शान है। हमारा देश हमेशा से धर्म प्रधान रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश विश्व गुरु बनने की राह पर है। मोदी जी की इक्षशक्ति से आज राम मंदिर का निर्माण निर्माण हो रहा है जो हिंदुओं की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है।


## स्पीड न्यूज

### गम्हरिया के नये ट्रैफिक इंस्पेक्टर बने राजेश सिंह



**गम्हरिया।** गम्हरिया थाना परिसर स्थित ट्रैफिक थाना में शुक्रवार को राजेश कुमार सिंह ने नए जिला यातायात निरीक्षक के रूप में योगदान दिया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस बल द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि जिले में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त कर दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता होगी।

### दो एकड़ में लगी पोस्ते की खेती को किया गया नष्ट



**गम्हरिया।** गम्हरिया प्रखण्ड के हुदू पंचायत अंतर्गत ऊपरटोला में करीब दो एकड़ भूमि पर लगाये गये पोस्ते की खेती को आशुक्रवार को कांड्रा पुलिस द्वारा नष्ट किया गया। कांड्रा थाना प्रभारी राजेन्द्र महतो ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की हुदू गांव के उपरटोला में बड़ा तालाब के किनारे करीब दो एकड़ वन विभाग तथा रैयती जमीन पर 7-8 जगहों पर अफीम की खेती की जा रही है।

### ससुराल आये युवक की मौत, हत्या का आरोप

**जमशेदपुर।** कदमा थाना अंतर्गत एलआईजी फ्लैट में अपनी पत्नी को ससुराल से लाने गए निखिल रॉय की मौत हो गई। इस घटना में निखिल के साले विक्की और सन्नी भी घायल हो गए हैं। निखिल पर धारदार हथियार से हमला किया गया है। सूचना पाकर निखिल की मां पापू रॉय एमजीएम अस्पताल पहुंची। उन्होंने बताया कि निखिल ने कदमा निवासी हनी सिंह से 2017 में भागकर प्रेम विवाह किया था। निखिल काफी शराब का सेवन करता था, इससे तंग आकर उसकी पत्नी गुरुवार को मायके चली गयी थी।

### साकची बिरसा गोलचक्कर पर प्रदर्शन आज

**जमशेदपुर।** 11 फरवरी को शाम 5 बजे अडानी जैसे भ्रष्ट पूंजीपति और सरकार की मिलीभगत के खिलाफ एकजुटता मंच की ओर से प्रदर्शन किया जायेगा। यह जानकारी सियाशरण शर्मा ने दी है। उन्होंने सभी साथियों से निवेदन है कि कल शाम 5 बजे अपने मित्रों के साथ साकची गोलचक्कर, बिरसा चौक में पहुंचे।

### नशे के खिलाफ बारीडीह में हल्ला बोल आज

**जमशेदपुर।** दीनदयाल सेवा संघ और कोशिश एक मुस्कान लाने की संस्था द्वारा शनिवार 12 फरवरी को ब्राउन शुगर एवं नशे के खिलाफ समाज को जागरूक करने के लिए और नशे के कारोबारियों पर कार्रवाई हेतु एक यात्रा सा हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम बारी दुर्गा पूजा मैदान में शाम 4 बजे से आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी अध्यक्ष शशिकांत सिंह संरक्षक शिव शंकर सिंह एवं महामंत्री सतीश मुखी व अंशुल कुमार ने संयुक्त रूप से दी है।

# भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्य स्थलों में शामिल हुई टाटा स्टील

➲ कंपनी को लगातार छठे वर्ष इस सूची में स्थान मिला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर /मुंबई।** टाटा स्टील को ग्रेट प्लेस टू वर्क द्वारा लगातार छठे वर्ष 2023 के लिए मैन्युफैक्चरिंग में भारत के सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में से एक के रूप में मान्यता दी गयी है। यह पुरस्कार उच्च भरोसे, ईमानदारी, पेशेवर विकास और अपने कार्यबल के प्रति सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कंपनी द्वारा जारी प्रयासों को मान्यता देता है। इससे पहले, कंपनी को एक समावेशी और सस्टेनेबल संगठन बनाने की दिशा में अपने प्रयासों के लिए लगातार छठी बार ग्रेट प्लेस टू वर्क मान्यता प्राप्त हुई थी।

अत्रेई सान्याल, (वाईस प्रेसिडेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, टाटा स्टील) ने कहा, टाटा स्टील में, मानव पूंजी का लाभ उठाना एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनिवार्यता है और हमेशा लोगों को प्राथमिकता देने का सिद्धांत कंपनी की नीतियों का मार्गदर्शन करता है। हमारा निरंतर प्रयास एक ऐसी कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना है जो सुरक्षा, स्वास्थ्य, विविधता, दक्षता में वृद्धि और हमारे कर्मचारियों के समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है। हमें भारत के सर्वश्रेष्ठ विनिर्माण कार्यस्थलों में शामिल होने की खुशी है और यह मान्यता हमें बेहतर कल की दिशा में अपनी यात्रा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करती है।

कठोर मूल्यांकन पद्धति के आधार पर, मैन्युफैक्चरिंग 2023 में भारत के सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में शीर्ष 50 संगठनों को मान्यता दी गई है। अन्य अभ्यासों के बीच ये संगठन विशेष रूप से उन कर्मचारी अभ्यासों में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं जिन्हें उन्होंने अपने कर्मचारियों के लिए तैयार किया है और एक उच्च विश्वास की संस्कृति बनाने के लिए फीडबैक पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

टाटा स्टील जीवन के सभी क्षेत्रों के कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी नीतियां पेश करने में हमेशा अग्रणी रही है। इन पहलों में कोर माइनिंग ऑपरेशन में ट्रांसजेंडर लोगों और महिलाओं की ऑनबोर्डिंग, एजाइल वर्किंग मॉडल, विस्तारित मातृत्व अवकाश और एलजीबीटीक्यू+ पार्टनर्स के लिए लाभ शामिल हैं। कंपनी हायर करने, एंगेजमेंट, डायवर्सिटी एंड इनक्लूजन, इंसेंटिव्स और रिकग्निशन एवं परफॉर्मेंस मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी सबसे आगे रही है। पीपल फर्स्ट दृष्टिकोण में अग्रणी लीडर के रूप में, टाटा स्टील की आकांक्षा अपने विविध कार्यबल की जरूरतों का ख्याल रखते हुए पसंदीदा नियोक्ता बनना है।




टाटा स्टील अवार्ड।

# उर्दू स्कूलों में मनमानी छुट्टी पर प्रशासनिक कार्रवाई शुरू

■ मनमाने ढंग से उर्दू स्कूलों ने साप्ताहिक छुट्टी शुक्रवार को कर दी
■ मुस्लिम नेताओं ने मंत्री बन्ना गुप्ता को ज्ञापन सौंप कर पूर्व स्थिति बहाल करने की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड के मुस्लिम बहुल इलाकों में उर्दू स्कूलों में रविवार की सरकारी छुट्टी को मनमाने ढंग से शुक्रवार को करने के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई शुरु हो गई है। पूर्वी सिंहभूम जिले में भी शिक्षा विभाग के निर्देश पर विद्यालयों के नाम उर्दू में लिखे होने को मिटाया जा रहा है और शिक्षकों व छात्रों को रविवार को ही साप्ताहिक छुट्टी दी जा रही है। मुस्लिम नेताओं ने शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई का विरोध शुरु कर दिया है। इसी क्रम में एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मंजर अमीन, झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान, उर्दू के वरिष्ठ पत्रकार शाकिर अजीमाबादी, झारखंड प्रदेश ऑल इंडिया आइडियल टीचर एसोसिएशन के प्रोफेसर जावेद अख्तर अंसारी के नेतृत्व में झारखंड राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आवास में जाकर ज्ञापन सौंपा। राजद नेता मंजर अमीन ने मंत्री बन्ना गुप्ता से कहा पूरे झारखंड में उर्दू विद्यालयों से उर्दू में लिखे स्कूल नाम मिटाया जा रहा है।



मंत्री बन्ना गुप्ता को ज्ञापन सौंपते मंजर अमीन और अन्य।

# जादूगोड़ा : उत्क्रमित +2 उवि चाकड़ी में फाइलेरिया मुक्ति अभियान शुरू

➲ कार्यक्रम में पहुंचे जिले के सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**जादूगोड़ा।** फाइलेरिया से मुक्ति को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चाकड़ी में 15 दिवसीय फाइलेरिया मुक्ति अभियान की आज शुक्रवार को शुरूआत की गई। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर जुझार माझी अभियान की शुरुआत करते हुए अभियान की सफलता को लेकर सभी पहलुओं पर सघन पर्यवेक्षण एवं मॉनिटरिंग पर जोर देते हुए सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को चिकित्सा कर्मियों के साथ सहयोगी के रूप में काम करने की अपील की।

उन्होंने उक्त कार्यक्रम का राष्ट्रीय राज्य एवं प्रखंड स्तर पर पर्यवेक्षण करने की घोषणा किया। साथ ही सभी चिकित्सा कर्मियों से आह्वान किया की दवा वितरण नहीं करें बल्कि साथ रह कर के दवा को खिलायें। उन्होंने जानकारी दी कि निर्धारित मापदंड के अनुसार इस दवा का सेवन 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को, गर्भवती महिलाओं को एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित जनसमूह को नहीं करानी है। डोज का प्रकार 1 वर्ष से 2 वर्ष के बच्चों को आधा गोली एल्बेडाजोल, 2 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को 1 गोली डीईसी एवं 1 गोली एल्बेडाजोल , 6 से 14 वर्ष के किशोरों को 2 गोली डीईसी एवं 1 गोली एल्बेंडाजोल एवं 15 वर्ष तथा उससे से अधिक उम्र के जनसमूह को 3 गोली डीईसी एवं 1 गोली एल्बेंडाजोल खिलानी है।




**JAPIT**

**Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology**

(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com

**Notice Inviting Tender**

| SN | Basic Requirement | Specific Requirement |
|---|---|---|
| 1. | Tender Ref No. | JAPIT/JH-SDC2.0/01/2023 |
| 2. | Name of the Work | Selection of System Integrator for Upgradation, Operation and Maintenance of Jharkhand State Data Centre 2.0 (JHSDC 2.0) |
| 3. | Name & address of the issuer of this tender / Address of Communication / Place of bid Submission / Opening of Bids | The CEO, Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology (JAP-IT), Ground Floor, Engineers hostel 1, Near Golchakkar, Dhurwa , Ranchi-834004. Tel: 0651-2401044 Email: ceo.japit@jharkhandmail.gov.in |
| 4. | Date of download of tender document | 11/02/2023 at 10.30 AM |
| 5. | Date for sending Pre-Bid Query as per Form A.2 of RFP | 01/03/2023 till 6.00 PM |
| 6. | Pre-Bid Meeting onsite at JAP-IT | 03/03/2023 at 2.30 PM |
| 7. | Start Date for Submission of Bids online | 21/03/2023 from 10:00 AM |
| 8. | Last Date for Submission of Bids online | 29/03/2023 up to 3:00 PM |
| 9. | Last Date for Submission of Tender Fee, EMD and Technical Document offline | 31/03/2023 up to 3:00 PM |
| 10. | Date of Opening of Technical Bid | 31/03/2023 at 3:30 PM |
| 11. | Date of Commercial Bid opening | To be Informed Later |
| 12. | Cost of Tender Document | Rs. 10,000/- (Rs. Ten Thousand only) non-refundable through Demand Draft from any Nationalized/Schedule Bank in favour of "CEO, JAP-IT "payable at Ranchi to be submitted with the Technical Bid. |
| 13. | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 3,00,00,000/- (Rupees Three Crore only) in form of Bank Guarantee in favour of CEO, JAP-IT payable at Ranchi |
| 14. | RFP can be downloaded from | Downloaded from https://jharkhandtenders.gov.in. However, in this case, the bidders are required to submit the tender cost in the form of a demand draft (details mentioned in above para) along with the Proposal. The entire Bid process will be through e-tendering. |
| 15. | Validity of Proposal | Proposals must remain valid 180 days after the Submission date |
| 16. | Method of Selection | Quality cum Cost-Based Selection (QCBS) |
| 17. | Bid Submission | Bidders must submit their tender through online on jharkhandtenders.gov.in only within stipulated time frame and the hardcopy of the pre-qualification, technical qualification & Technical Bid document along with technical presentation will be submitted on or before 23/03/2023 up to 3:00 PM. Financial bid has to be submitted only online through jharkhandtenders.gov.in within stipulated time frame |

Note:
1. JAPIT reserves the right to change any schedule of bidding process. Please visit Procurement website https://jharkhandtenders.gov.in regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet. Proposals that are received after the deadline WILL NOT be considered in this procurement process.
3. The Bidders are advised to submit the Bids well in advance of the deadline as JAPIT/ GoJ will not be liable or responsible for non-submission of the bids because of any technical glitches or any problems in connectivity services used by the Bidder.

Sd/-
(CEO, JAP-IT)

PR 289890 Information Technology (22-23)_D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना,चतरा**
**समग्र शिक्षा अभियान**
जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा-825401
दूरभाष: (06541) 253924 इमेल–chatrajepc@ymail.com

**आम सूचना**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों मे पूर्णकालिक संविदा आधारित विषय शिक्षिका एवं लेखापाल–सह–कम्पयुटर ऑपरेटर के रिक्त पदो पर विज्ञापन संख्या 1264 दिनांक 02.12.2022 एवं विज्ञापन संख्या 149 दिनांक 10.01.2023 के द्वारा विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। कार्यालय द्वारा अभ्यर्थियों का आवेदन सूचीबद्ध कर दावा आपत्ति हेतु चतरा जिला के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर अभ्यर्थियों का विवरणी अपलोड किया गया है। असामाजिक व्यक्तियों, साईबर ठगों द्वारा अभ्यर्थियों के मोबाईल न. पर संपर्क कर चयन के नाम पर राशि की मांग किया जा रहा है।

अतः सभी संबंधित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि किसी प्रकार की राशि की मांग की जा रही है तो राशि मांग करनेवाले व्यक्ति का मोबाईल न. के साथ लिखित शिकायत निम्न मोबाईल पर वाट्सएप्प करेगें ताकि असामाजिक व्यक्तियों, साईबर ठगों पर विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जा सके।

| क्र.स. | पदाधिकारी का नाम | मोबाईल न. |
|---|---|---|
| 1 | जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,चतरा | 7739586101 |
| 2 | अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झा.शि.प.,चतरा | 9304921068 |

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झा0शि0प0,चतरा

PR.NO.289952
Jharkhand Education Project Council(22-23):D



**Office of the Deputy Commissioner-cum-District Magistrate, PALAMU**

**Selection of ORGANIZATION for the establishment and running of PLANNING AND MONITORING UNIT (PMU) under the DISTRICT MINERAL FOUNDATION (DMF)**

The administrative body i.e., the Managing Committee of the District Mineral Foundation Trust Palamu invites Technical and Financial Proposals from organizations of national andinternational repute for the establishment and running of Planning and Monitoring Unit(PMU)forincreasingtheefficiencyandeffectivenessofDistrictMineralFoundation(DMF)Trust,Palamu.

TheRFPdocumentshallbeavailablefromtheofficeoftheDeputyDevelopmentCommissionerPalamudistrict,Jharkhand.

The RFP document is also available on Palamu district website. The address of the website is http://palamu.nic.in/.

Interested organizations are requested to submit the details to the undersigned as per the schedule indicated in the Fact Sheet, by post (Registered/ Speed) or by hand at the office of the **Deputy Development Commissioner cum Member Secretary DMFT, Palamu** at the Collectorate Palamu, Block-C, 1st Floor, Palamu (Jharkhand)-822101. Last date of submission of RFP is 22-02-2023. Based on the eligibility criteria as mentioned in the RFP, the Applicant organization will be selected.

For any further clarifications, please contact the Deputy Commissioner/Deputy Development commissioner cum Member Secretary, DMFT, Palamu District, Jharkhand on Phone Number:06562-224033/224021during official working hours only.

**Deputy Commissioner,**
**Palamu District**

PR289917 (District)22-23*D



**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**जिला– लातेहार**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 08/2022–23**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत, लातेहार को जलापूर्ति तथा साफ–सफाई मद अन्तर्गत प्राप्त आवंटन से व्यय के उपरान्त बची राशि कुल मो0 314921.00 ( तीन लाख चौदह हजार नौ सौ एक्कीस) रूपये की राशि से चापानल सामाग्रीयों एवं अन्य के क्रय हेतु निर्माता अथवा अधिकृत बिक्रेताओं से **दिनांक 21.02.2023 के 2.30 बजे अपराह्न तक** ही इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित किये जाते है, जो नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। साथ ही चापानल सामाग्रीयों के निविदा **दिनांक 21.02.2023 को अपराह्न 4.00** बजे निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष नगर पंचायत, लातेहार के निविदा समिति (Procurement Committeee) द्वारा खोला जायेगा। क्रय किये जाने वाले चापानल सामाग्रीयों की सूची नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय से कार्य दिवस में **दिनांक 20.02.2023 तक** प्राप्त किया जा सकता है। तथा निविदा हेतु निर्धारित नियम एवं शर्त्त कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर देखा जा सकता है, या लातेहार जिला के वेबसाईड **www.latehar.nic.in** पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है ।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 289847 (Urban Development) 22-23 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय, धनबाद**

**पी0एम0 नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला फरवरी–2023**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, रॉची पत्रांक:–129 दिनांक:– 30.01.2023 एवं DGT- पत्रांक :– DGT –Computer No:501376 दिनांक :– 18.01.2023 के आलोक में सूचित किया जाता है कि RSDE झारखण्ड द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, धनबाद परिसर में दिनांक :– 13.02.2023 को अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जा रहा है।

अतः सभी धनबाद जिला अन्तर्गत संबंधित नियोजक एवं ईच्छुक अभ्यर्थी/आई0टी0आई0 उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी उक्त तिथि,स्थल एवं समयानुसार अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग लेना सुनिश्चित करेंगें।

विदित हो कि Apprenticeship Act-1961 के अन्तर्गत वैसे सभी प्रतिश्ठान/संस्थान जहाँ 30 या 40 से अधिक मानवबल कार्यरत है, में कुल मानवबल के 2.5% से 15% तक (शिक्षुओं) Apprentices को रखना अनिवार्य है। 4 से 29 मानवबल वाले प्रतिष्ठानों के लिए यह ऐच्छिक है। Apprenticeship Act के अन्तर्गत दण्ड का भी प्रावधान किया गया है।

उपरोक्त संदर्भ में धनबाद जिला अन्तर्गत सभी संबंधित नियोजकों से अपेक्षित है कि युवाशक्ति के आवश्यक कौशल उन्नयन के हित को ध्यान में रखते हुए स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से मेला में आवश्यक रूप से भाग लेंगें। छात्रों/प्रशिक्षणार्थियों का अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https:// www.apprenticeshipindia.gov.in पर पंजीकरण कराया जायेगा। अपने सभी शैक्षणिक/ तकनिकी प्रमाण पत्रों एवं फोटोग्राफ के साथ ससमय पूर्वाहन 09:00 बजे उपरोक्त वर्णित स्थल पर आयोजित अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग लेना सुनिश्चित करें।

नोट:– मेला स्थल पर पंजिकरण पूर्वाहन 09:00 बजे से आरंभ होगा। Covid-19 के नियमों का पालन करना आवश्यक है।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, धनबाद

PR.NO.289902 Labour Employment and Traning(22-23):D

# बढ़ती सुविधा

झारखंड की राजधानी रांची मेंशहर के विकास को लेकर गंभीर हो गयी है। रांची के इतिहास में पहली बार तीन-तीन फ्लाई ओवर का निर्माण निश्चित तौर पर राजधानी के दशको पुरानी मांग को पूरा ही नहीं करेगा यातायात सुलभ करेगा। राजधानी होने के कारण रांची राज्य का चेहरा है और कोई भी पर्यटक या निवेशक राज्य की राजधानी की आधारभूत सरंचना से ही राज्य की स्थिति का आकलन करता है। लेकिन विगत दो दशक में रांची सिर्फ कागज पर राजधानी बना रहा और घोषणायुक्त सुविधाविहिन शहर का सिरमौर बना। राजधानी की परिवहन व्यवस्था हो या यातायात सुविधा, नालियों और सड़कों की बात हो या स्लम बस्तियों की, किसी भी कोण से रांची अन्य राजधानियों की तुलना में महानगर का स्वरुप धारण नहीं कर पाया। सबसे बड़ी समस्या जाम और ठेला खोमचे वालों की है जो गांव की गरीबी और नक्सली हिंसा के डर से दो जून की रोटी कमाने राजधानी आते हैं। राजधानी में व्यवस्थित बाजार का भारी अभाव है। विशेषकर दैनिक उपयोग के वस्तुओं के लिये जिस प्रकार का बाजार होना चाहिए वैसा बाजार न होने से गंदगी और अव्यवथित बाजार का तेजी से विस्तार हो रहा है। राजधानी बनने के बाद लोगों को उम्मीद जगी थी कि राजधानी में सुविधा का विस्तार होगा। लेकिन जिस गति से यह काम होना चाहिए था वह नहीं हो पा रहा है। सरकारे आती-जाती है लेकिन मानवीय सुविधा का लाभ समाज के हर वर्ग के जीवन स्तर को उठाता है और आसान करता है। रांची तो देश के सुदंर पर्यटन स्थलों में शुमार होता है। राज्य की हेमंत सरकार इस निमार्ण को लेकर साधुवाद का पात्र है साथ ही स्थानीय सांसद और जन प्रतिनिधियों के साथ राजधानीवासियों का योगदान महत्वपूर्ण है।

# बढ़ता पर्यटन

आज भारतीय पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है। घरेलू बाजार में भी सभी प्रदेश अपने पर्यटन को मजबूत करने में लगे हैं। केन्द्रीय बजट में घरेलू पर्यटन को अहमियत देने से टूर ऑपरेटर्स खुश है तो वहीं विदेशी यात्रा में टीसीएस का भार बढ़ने के कारण पर्यटन एवं यात्रा व्यापार से जुड़े लोग नाराजगी भी व्यक्त कर रहे हैं। उनका मानना है कि इसका असर उनके कारोबार पर पड़ेगा।


कोरोना महामारी के बाद एशिया का सबसे बड़ा टूर एंड ट्रैवल शो मुंबई में शुरू हुआ। मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में दो से चार फरवरी तक चलने वाले इस पर्यटन एक्सपो में देश के 30 राज्यों और दुनियाभर के 50 देशों से 1,250 से अधिक प्रदर्शक शामिल हुए हैं।

मुंबई में लगभग 30,000 आगंतुकों की आने की संभावना है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय पर्यटन बाजार 2025 तक 45 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक तक पहुंच जाएगा, जिससे भारत विश्व स्तर पर सबसे बड़े व्यापार यात्रा बाजारों में से एक बन जाएगा। भारतीयों के बीच बढ़ती पर्यटन प्रवृत्ति के कारण दुनियाभर के देश इस पर्यटन शो के माध्यम से भारतीय पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। यही कारण है कि ओटीएम में सऊदी अरब, अजरबैजान, बैंकॉक, कंबोडिया, फिजी, इजराइल, केन्या, कोरिया, मालदीव, मॉरीशस, नेपाल, कतर, रवांडा, सेशेल्स, श्रीलंका और थाईलैंड के पर्यटन बोर्ड, होटल कारोबारी और यात्रा व्यापार से जुड़े एजेंट इसमें शामिल हुए हैं।

बॉलीवुड के लिए मालदीव पहले से ही एक गंतव्य के रूप में प्रसिद्ध है, जहां मशहूर हस्तियां नियमित रुप से छुट्टियां मनाती हैं। देश की ओर बड़ी संख्या में पर्यटक आकर्षित हो रहें हैं।

# तनाव और मानसिक अवसाद की जड़ सोशल मीडिया





**- ललित गर्ग**

> ट्विटर, यू-ट्यूब, फेसबुक जैसे सोशल मंचों का विकास इस उद्देश्य से किया गया था कि उनके जरिए लोग आपस में संपर्क बनाएं, स्वस्थ और स्वतंत्र विचार प्रकट कर सकें और आपसी सौहार्द स्थापित कर सकें। भारत की प्रगति से ईर्ष्या करने वाली शक्तियों एवं राजनीतिक दलों ने इसे अपने प्रचार एवं तथाकथित संकीर्ण स्वार्थों की पूर्ति का माध्यम बना डाला।

सोशल मीडिया को नफरती मंच में बदलने की साजिश को विफल करना होगा

फेसबुक के संस्थापक-सीईओ मार्क जकरबर्ग ने कहा था कि फेसबुक के इतिहास में भारत का बहुत महत्व है। कंपनी जब बुरे दौर से गुजर रही थी और बंद होने की कगार पर थी तब मेरे गुरु स्टीव जॉब्ज (एपल के संस्थापक) ने मुझे भारत के एक मंदिर जाने की सलाह दी।

आजकल फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब जैसे सोशल मंचों पर ऐसी सामग्री परोसी जा रही है, जो अशिष्ट, अभद्र, हिंसक, भ्रामक एवं राष्ट्र-विरोधी होती है, जिसका उद्देश्य राष्ट्र को जोड़ना नहीं, तोड़ना है। इन सोशल मंचों पर ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास करते हैं, वे चरित्र-हनन और गाली-गलौच जैसी ओछी हरकतें करने के लिये तत्पर रहते हैं तथा उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक नीति अपनाते हुए अराजक माहौल बनाते हैं। एक प्रगतिशील, सभ्य एवं शालीन समाज में इस तरह की हिंसा, नफरत और भ्रामक सूचनाओं की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लेकिन विडम्बना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कानून के चलते सरकार इन अराजक स्थितियों पर काबू नहीं कर पा रही है।

फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब पर पांव पसार रही हैं देश को तोड़ने की साजिशें एवं जनता के दिलों में दरारें डालने की उच्छृंखलताएं। इन राष्ट्र-विरोधी विध्वंसात्मक उपक्रमों, नफरत फैलाने वाले भाषणों, तोड़मोड़ कर प्रस्तुत करते घटनाक्रमों, हिंसा एवं साम्प्रदायिकता पर जश्न मनाने और भ्रामक सूचनाएं परोसने की जैसे होड़-सी लग गई है। यह तथ्य खुद फेसबुक और कुछ अमेरिकी मीडिया संस्थानों ने अपने अध्ययन के बाद प्रकट किए हैं। अध्ययनकताओं ने दो साल पहले फेसबुक पर खाते खोले और लगातार नजर बनाए रखी कि इस मंच पर भारत में कैसी सामग्री परोसी जा रही है। वे देख कर हैरान हो गए कि उनमें भ्रामक सूचनाओं और नफरत फैलाने वाले विचारों का अंबार लगा हुआ है। हालांकि फेसबुक का दावा है कि वह किसी आपत्तिजनक सामग्री को प्रकाशित नहीं करता, ऐसा करने वालों को तुरंत चेतावनी भेजता और सामग्री को रोक देता है। प्रश्न है कि फेसबुक की यह व्यवस्था यहां क्यों फेल हो गयी? कहीं खुद फेसबुक ऐसी नफरत की आंधी को सर्वव्यापी बनाने के लिये जिम्मेदार तो नहीं है? कहने को ट्विटर, यू-ट्यूब, फेसबुक सामाजिक मेल-जोल के मंच कहे जाते हैं, लेकिन इन मंचों पर जितनी राजनीतिक, धार्मिक एवं सामाजिक नफरत एवं द्वेष फैलाया जा रहा है, वह चिन्ताजनक हैं। फेसबुक के आंतरिक दस्तावेजों के मुताबिक फेसबुक भारत में भ्रामक सूचना, नफरत वाले भाषण और हिंसा को लेकर जश्न मनाने वाले कंटेंट को रोक नहीं पा रहा है, पर बड़ा सवाल है कि वह क्यों नहीं रोक पा रहा है? क्या यह भारत के खिलाफ एक षड्यंत्र का संकेत है? प्रश्न यह भी है कि इस प्रकार की भ्रामक, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक एवं नफरत-द्वेष फैलाने की नीति से किसका हित सध रहा है? विचित्र है कि भारत में ऐसी प्रवृत्तियां तेजी से बढ़ी हैं। सच्चाई यह है कि भारत की कुल 22 भाषाओं में से केवल पांच में फेसबुक ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिए ऐसी सामग्री की जांच एवं विश्लेषण किया जाता है। यहां तक कि हिंदी और बांग्ला जैसी बड़ी भाषाओं में भी परोसी जाने वाली सामग्री का विश्लेषण करने का कोई उपाय उसके पास नहीं है। जाहिर है, इससे उपद्रवी और संकीर्ण मानसिकता के लोगों को एक खुला मैदान मिल गया है। इन भ्रामक सूचनाओं के माध्यम से चुनाव को प्रभावित करने की साजिश भी होती रही है। फेसबुक के संस्थापक-सीईओ मार्क जकरबर्ग ने कहा था कि फेसबुक के इतिहास में भारत का बहुत महत्व है। कंपनी जब बुरे दौर से गुजर रही थी और बंद होने की कगार पर थी तब मेरे गुरु स्टीव जॉब्ज (एपल के संस्थापक) ने मुझे भारत के एक मंदिर जाने की सलाह दी। वहाँ से लौटकर मुझे आत्मबल मिला और कंपनी सफल होती गई। इसलिये भारत उनकी लिस्ट में ऊपर है। अभी ठीक एक साल पहले फिर जकरबर्ग ने अपनी भारत यात्रा के दौरान इशारा किया था कि उनका इरादा गरीब लोगों तक इंटरनेट पहुँचाने का है। फेसबुक ने भारत में लोकप्रियता की एक नई मिसाल कायम की थी। लेकिन जिस भारत ने फेसबुक को नया जीवन दिया, क्या वह उस देश की अखण्डता को तोड़ने का जिम्मेदार होना चाहेगा?

ट्विटर, यू-ट्यूब, फेसबुक जैसे सोशल मंचों का विकास इस उद्देश्य से किया गया था कि उनके जरिए लोग आपस में संपर्क बनाएं, स्वस्थ और स्वतंत्र विचार प्रकट कर सकें और आपसी सौहार्द स्थापित कर सकें। भारत की प्रगति से ईर्ष्या करने वाली शक्तियों एवं राजनीतिक दलों ने इसे अपने प्रचार एवं तथाकथित संकीर्ण स्वार्थों की पूर्ति का माध्यम बना डाला। भारत में शायद ही कोई राजनीतिक दल हो, जिसके फेसबुक पर आधिकारिक खाते न हों। अधिकारिक खाते होने में कोई त्रुटि नहीं है, पर जब उनके समर्थकों, कार्यकताओं ने फर्जी नामों से खाते बना कर अपने दलगत आक्रामक विचार प्रकट करने शुरू किए, तो वातावरण दूषित एवं हिंसक होता गया। फिर तो न सिर्फ वहां दलगत मतभेद उभरने शुरू हो गए, राजनीतिक स्वार्थ सामने आने लगे। एक दल द्वारा दूसरे दल का विरोध करना, उसे नीचा दिखाना, उसकी प्रगति में बाधा उपस्थित करना एवं सफलता के नये कीर्तिमान गढ़ने वाले दलों का मनोबल गिराना आम बात हो गयी। उनकी इन बनावटी, भ्रामक एवं झूठी सूचनाओं का पदार्फाश होता है तो एक भी मुद्दा ऐसा नहीं मिलता जो तथ्यपरक, सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पहलू का स्पर्श करता हो। यह तो जानबूझकर अराजकता फैलाने का जरिया बनता जा रहा है और इनमें विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता आपस में उलझते देखे जाने लगे, बल्कि भ्रामक सूचनाएं तथा नफरती विचार परोस कर उत्तेजना फैलाने में अपनी शान समझने लगे। कई बार इसके बुरे परिणाम भी देखने को मिले हैं, जब लोग ऐसे विचारों के प्रभाव में आकर भीड़ के रूप में हिंसा करते पाए गए। केवल चरित्र-हनन एवं अराजकता फैलाने के उद्देश्य से किया जाने वाला ऐसा प्रयत्न कितना जघन्य एवं राष्ट्र-विरोधी है, समझने वाले व्यक्ति अच्छी तरह समझते हैं।

## खास बात

### दुनिया की अजीबोगरीब रेल लाइन

**शिखर चंद जैन**

ये कुछ अलग रेल मार्ग हैं जो चर्चित और पर्यटक को खीचतें हैं।

**मेकलॉन्ग मार्केट रेलवे (थाईलैंड)**

ट्रेन की पटरियों पर सब्जी बाजार देखा है कहीं आपने? फिर तो थाइलैंड के मेकलॉन्ग इलाके में हो आइए। यहां ट्रेन की पटरियों पर कई हॉकर सुबह से शाम तक फल, सब्जियां, अंडे, मछली आदि बेचते हैं। जब भी ट्रेन आती है, तो ये अपने सामान को बटोर लेते हैं और ट्रेन के जाते ही फिर से बेचना शुरू कर देते हैं।

**नैपियर-गिसबोर्न रेलवे (न्यूजीलैंड)**

न्यूजीलैंड में नैपियर से गिसबोर्न की रेलवे लाइन अनूठा है। यह रेलवे लाइन ग्रिसबोर्न एयरपोर्ट के प्रमुख रनवे के बीच से गुजरती है। जब भी कोई ट्रेन आती है,उसे पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर से अनुमति लेनी पड़ती है, तब जाकर वह आगे बढ़ पाती है।

**ट्रेन अ लास न्यूब्स (अर्जेंटीना)**

अर्जेंटिना के साल्टा प्रांत में ट्रेन अ लास न्यूब्स उर्फ बादलों की ट्रेन पर्यटकों का खास आकर्षण है। यह समुद्र तल से 13850 फुट की ऊंचाई पर एक ब्रिजके ऊपर से गुजरती है। यह दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची रेलवे लाइन मानी जाती है। इस रेलवे पर्वत श्रृंखला से होकर गुजरना पड़ता है और इसके लिए 29 पुलों और 21 सुरंगों को पार करना पड़ता है। साथ ही 2 जिगजैग मार्ग जो पर्यटकों को आनंदित कर देते हैं।

**टनल ऑफ लव (यूक्रेन)**

यूक्रेन के क्लीवान इलाके में टनल ऑफ लव वाकई स्वर्ग जैसा आनन्द देने वाला रेल मार्ग है। तीन किलोमीटर लम्बा यह रेल मार्ग एक फायरबोर्ड फैक्ट्री तक जाता है। पूरे रास्तेभर हरियाली है। यद्यपि यह ट्रेन मूल रूप से फैक्ट्री तक लकड़ी पहुंचाने के लिए दिन में तीन बार वहां जाती है,

**ट्रांस-साइबेरिन (रूस)**

मॉस्को और रूस के सुदूर इलाकों को जोड़ने वाला ट्रांस साइबेरियन रेलवे दुनिया का सबसे लम्बा माना जाता है। इससे मंगोलिया, चीन और नॉर्थ कोरिया भी जुड़े हुए हैं।

# गुरु आज्ञा सर्वोपरि

## विचार-प्रवाह

राम वन जाने को तैयार थे, प्रजा उन्हें रोक कर खड़ी थी। श्री राम ने कहा कि भाईयों यह ठीक है कि महाराज की आज्ञा नहीं हुई है लेकिन पिता की आज्ञा से गुरु की आज्ञा बड़ी होती है तो हमलोग गुरु देव वशिष्ठ जी के पास चलते हैं वो जो कहेंगे वह हम मानेंगे। निकसी वसिष्ठ द्वार भय ठाढ़े। सारे लोग वशिष्ठ जी के सामने खड़ें हो गये और वशिष्ठ जी ने पूछा क्या बात है?श्री राम बोले पिता मोह में मुझे वन जाने के लियेनहीं बोल सके। वरदान दिये हुए हैं लेकिन बोल नहीं सके। पिता की धर्म की रक्षा के लिये मैं वन जाना चाहता हूं। प्रजा ने कहा महाराज की आज्ञा नहीं है। अतः हमलोग नहीं जाने देना चाहते हैं। श्री राम हमारे ह्दय पर राज करते हैं। हमलोग उनका बिछुड़न बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। वसिष्ठजी ने अपना फैसला सुना दिया- आपलोग अपने आनंद के लिये अपने लाभ के लिये एवं अपने स्वार्थ के लिये राम को रखना चाहते हैं। लेकिन श्रीराम अपने लिये नहीं पिता के धर्म की रक्षा के लिये वन जाना चाहते हैं। इसलिये उनका सोचना ज्यादा उंचा है। यह उच्च कोटि का विचार है। अतः उन्हें जाने दिया जाए।

**प्रसंग का अध्यात्म**

इस प्रसंग में गुरुभक्ति ही परिलक्षित होती है। क्योंकि श्रीराम ने प्रजाजनों को समझाया कि ठीक है पिता की आज्ञा नहीं है लेकिन सबके सार सम्हार गोसाई क्या ये बात सही नहीं है कि माता-पिता की आज्ञा से बढ़कर गुरु की आज्ञा होती है और अगर होती है तो हम सब वहीं चले और उनके द्वारा जो निर्णय होगा उसको आपलोग भी माने और हम भी माने। इस तरह ये लोग वहां पहुंचे और अपने-अपने पक्ष की बात रखें। तब वशिष्ठ जी के आदेश पर श्रीराम वन गये।

**ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम**


**वक्त** और अध्यापक दोनों में फर्क सिर्फ इतना है कि अध्यापक सिखा कर परीक्षा लेता है और वक्त परीक्षा लेकर सिखाता है।

**- राहुल गांधी, सांसद**

## आपके ट्वीट

परिस्थितियां, पदार्थ, अभिरुचियां और व्यक्ति समय के साथ परिवर्तित होते रहते हैं ! जगत में सब अस्थिर व नश्वर है, आनंद स्त्रोत स्वयं का अस्तित्व ही है। अतः स्वयं के शाश्वत स्वरूप को जानें।

- अवधेशानंद गिरी





**पीएम** आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन देश के स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को एक ऐतिहासिक ऊंचाई पर ले जाने वाला है...

**-नरेंद्र मोदी**

## कार्टून वर्ल्ड




साभार कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### चिप की कमी

**चिप** डिजाइन करने वाली कंपनी क्वालकॉम का भी यही मानना है। क्वालकॉम इंडिया के अध्यक्ष राजन वगाडिया कहते हैं, 'सभी जानते हैं कि चिप की मांग अचानक इतनी क्यों बढ़ गई है। कोविड महामारी के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले चिप की मांग खासी बढ़ गई थी। इस कारण भविष्य के लिये हमारे देश को आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। **-सुरेन्द्र सिंह, हजारीबाग**

### चीन का खेल

**कोरोना** संक्रमण मामले की जांच विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा की जानी चाहिए और सच सामने आना चाहिए। यह मामला दबता जा रहा है। यह चीन के छिपे हुए एजेंडे को उजागर करेगा। चीन भरोसे के लायक नहीं है। अगर समय रहते सभी देश एकजुट नहीं होते हैं तो यह दुनिया के साथ-साथ मानव जाति के लिए भी खतरनाक साबित होगा।

**-नरेंद्र कुमार शर्मा, रांची**

# भूसे से एथेनॉल बनाने की ओर तेजी से बढ़ता देश

**जीवीएस शास्त्री**

## पर्यावरण

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगातार बढ़ते कच्चे तेल के दाम और उसके हमारी अर्थव्यवस्था पर पड़ते दबाव को देखते हुए सरकार नवीकरणीय ऊर्जा को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल कर रही है। पहले सरकार ने 2030 तक पेट्रोल में बीस फीसदी एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखा था। पिछले दिनों विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री ने अब इसे घटाकर 2025 कर दिया है। सरकार की मंशा है कि आत्मनिर्भर भारत की पहल के अंतर्गत इसे कालांतर में सौ फीसदी एथेनॉल से चलने वाले वाहनों के रूप में लक्ष्य हासिल किया जाये। दरअसल, सरकार की सोच रही है कि अपनी आर्थिक संप्रभुता के लिये हमें नवीकरणीय ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ानी होगी। इसमें बैटरी से जुड़ी प्रौद्योगिकियां भी शामिल हैं। नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य जहां वर्ष 2022 तक 175 गीगावॉट है, वहीं वर्ष 2030 तक इसे 450 गीगावॉट किया जायेगा। सरकारी की प्राथमिकताओं का प्रतिफल यह है कि वर्ष 2014 में जहां 38 करोड़ लीटर एथेनॉल खरीदा जाता था, वह अब 320 करोड़ लीटर खरीदा जा रहा है। बीते साल तेल बाजार की कंपनियों ने 21 हजार करोड़ रुपये का एथेनॉल खरीदा। केंद्र का दावा है कि पिछले सात सालों में हमारी अक्षय ऊर्जा की क्षमता में 250 फीसदी वृद्धि हुई है। फलतः आज भारत अक्षय ऊर्जा के मामले में शीर्ष पांच देशों में शामिल है। निस्संदेह, 21वीं सदी में ग्लोबल वार्मिंग के खतरों को देखते हुए नवीकरणीय ऊर्जा अपरिहार्य बन गई है। यही वजह है कि वर्ष 2014 तक पेट्रोल में जहां 1.5 फीसदी एथेनॉल मिलाया जाता था, वह अब 8.5 फीसदी हो गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका एक बड़ा हिस्सा किसानों की जेब में गया है। विशेष रूप से गन्ना किसानों के खाते में। इसी कड़ी में एथेनॉल के उत्पादन और वितरण से जुड़ा महत्वाकांक्षी ई-100 पायलट प्रोजेक्ट पुणे में लॉन्च किया गया है। वहीं दूसरी ओर सौर ऊर्जा में पिछले छह साल में 15 गुना वृद्धि की बात सरकार कर रही है। वक्त की मांग है कि एथेनॉल उत्पादन इकाइयों को चीनी उत्पादक राज्यों के इतर अन्य राज्यों में भी विस्तार दिया जाये। तभी देश के विभिन्न राज्यों में सड़े अनाज व खेती से निकले कचरे आधारित संयंत्रों की स्थापना की जा रही है। इसी कड़ी में करनाल जनपद में एथेनॉल संयंत्र में धान की पराली का उपयोग किया जायेगा, जो पराली प्रबंधन की समस्या के समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम है। राष्ट्रीय जैव ईंधन नियामक ने जीवाश्म ईंधन के उपयोग में कमी करके पेट्रोल में ह्यहरित ईंधनह्न एथेनॉल के मिश्रण के लक्ष्य निर्धारित किये हैं, जिसमें धान के भूसे के इस्तेमाल को प्राथमिकता दी गई है, जिससे भविष्य में इसकी मांग व उपयोग में वृद्धि की उम्मीदें जगी हैं। फिलहाल करनाल में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एथेनॉल प्लांट में धान की भूसी का उपयोग होगा। हालांकि, इसके लिये खरीद शुरू हो चुकी है, लेकिन प्रसंस्करण अप्रैल, 2022 में आरंभ होगा, जिसमें किसानों की पराली प्रबंधन में होने वाले खर्च को बचाने में मदद की जायेगी। दरअसल, रबी की फसल के लिये सीमित समय होने के कारण किसान इसे खेतों में जला देते हैं। अब पराली प्रबंधन में इस नई पहल से मदद मिलेगी। पंजाब, हरियाणा व उ.प्र. में पराली जलाने में इस साल कमी देखी गई है। सर्दियां शुरू होने के साथ ही दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता में भारी गिरावट आती थी। फिर उसे दुरुस्त करने के उपाय किये जाते थे। कोविड महामारी, जिसने हमारे श्वसनतंत्र को ज्यादा नुकसान पहुंचाया, ने हमें स्वच्छ वातावरण की जरूरत को बताया है। वहीं दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश के ऊना में भी एक एथेनॉल संयंत्र स्थापित करने की योजना है।

# राजधानियों के प्रश्न पर उलझ गया आंध्र पदेश

**अदिति**

## राजनीति

**फिलहाल** अमरावती आंध्र प्रदेश की राजधानी होगी। एक के बाद एक कानूनी चुनौतियों को देखते हुए रेड्डी ने राज्य विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार आंध्र प्रदेश में तीन राजधानियां बनाने का प्रस्ताव वापस ले रही है। इससे पहले राज्य सरकार ने कहा था कि तीन राजधानियां बनाई जाएंगी जिनमें पहली विशाखापत्तनम (कार्यपालक राजधानी) में, दूसरी रायलसीमा क्षेत्र में कुर्नूल (न्यायिक राजधानी) में और तीसरी अमरावती (विधायिका राजधानी) में होगी। अमरावती में राज्यपाल का कार्यालय और राज्य विधानसभा बनाने की योजना थी। तीन राजधानियां बनाने का उद्देश्य राज्य में विकेंद्रीकृत विकास सुनिश्चित करना था। राजधानी का मामला आंध्र प्रदेश के विभाजन के साथ शुरू हुआ। विभाजन के बाद हैदराबाद तेलंगाना की राजधानी बन गया। तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के एन चंद्रबाबू नायडू को इसमें एक अवसर दिखा। राज्य के नई राजधानी सिंगापुर की तर्ज पर बननी थी और इसकी निर्माण योजना सिंगापुर सरकार द्वारा नियुक्त सलाहकारों ने तैयार की।

नई राजधानी 217 वर्ग किलोमीटर में बनाने की योजना थी और इस पर लगभग 8 अरब डॉलर रकम खर्च होती। इस पूरी योजना के पीछे एक अघोषित पहलू यह था कि अमरावती के इर्द-गिर्द जमीन धनाढ्य कम्मा किसानों की थी जो तेदेपा के समर्थक भी माने जाते हैं। इससे नुकसान रेड्डी समुदाय को होता। रेड्डी समुदाय को राज्य में राजनीतिक रूप से ताकतवर माना जाता है और वह जमीन-जायदाद के मामले में भी संपन्न है। अमरावती को राजधानी बनाए जाने की घोषणा के बाद इस क्षेत्र के आस-पास जमीन की कीमतें आसमान छूने लगीं और मालिकाना हक के स्थानांतरण और भूमि के इस्तेमाल में बदलाव की प्रक्रिया द्रुत गति से होने लगी।

इससे पहले कि नायडू की योजना आगे बढ़ती राज्य में चुनाव ने दस्तक दे दी। अमरावती में राजधानी बनाने के लिए 54,000 एकड़ भूमि चिह्नित की गई जिनमें 42,000 एकड़ कृषि योग्य भूमि थी और 40,000 एकड़ सिंचित भूमि थी। किसानों के हाथ से उनकी जमीन निकलने का खतरा था मगर उन्हें इस बात की भी उम्मीद थी कि राज्य सरकार उन्हें मोटा मुआवजा देगी। मगर कृषि कार्य में भाग लेने वाले श्रमिक और पट्टाधारक सबसे अधिक दुखी थे। एक और बात यह थी कि पूरा क्षेत्र में कपास की खेती के लिए अनुकूल काली मिट्टी वाली जमीन थी और मगर निर्माण कार्य के लिए अनुकूलनहीं थी।

नायडू की सरकार मई 2019 में सत्ता से बाहर हो गई और जगन मोहन रेड्डी राज्य के नए मुख्यमंत्री बन गए। रायलसीमा क्षेत्र में दबदबा रखने वाला रेड्डी समुदाय इससे उत्साहित हुआ और उसने इस अवसर का लाभ उठाकर तेदेपा सरकार के पिछले दो कार्यकालों में पैदा हुए असंतुलन को साधने की कोशिश की। जगन मोहन रेड्डी ने पिछली कई समितियों की सिफारिशों में अवसर तलाश लिया और कुछ और समितियों का गठन कर दिया। जब वे तेदेपा को नुकसान पहुंचाने के लिए और अपना दबदबा बढ़ाने की मुहिम में थे तो उसी समय तीन राजधानियां बनाने की योजना उनके दिमाग में आई। इनमें एक राजधानी रायलसीमा में बनाने का प्रस्ताव था। हालांकि इसके बाद मुश्किलों का सिलसिला भी शुरू हो गया। ये ऐसी मुश्किलें थीं जिनसे तीन राजधानियां बनाने का योजना पर पानी फिर गया। राज्य सरकार को उच्च न्यायालय की जगह पर कानून बनाने का कोई अधिकार नहीं था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का जल्द होगा निर्माण

**दारू।** दारू प्रखंड क्षेत्र के इरगा पंचायत के बड़वार में जल्द ही प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का सपना पूरा होगा उसके लिए जमीन संबंधी अड़चनों को दूर किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए दारू अंचल की अंचलाधिकारी नीतू कुमारी ने कहा कि बड़वार में खाता संख्या 74 प्लाट संख्या 72 में 4 एकड़ जमीन स्टेडियम बनाये जाने के लिए पूर्व में ही चिन्हित किया गया है। यह जमीन की किस्म गैरमजरूआ खास जंगल झाड़ी है इसलिए इसमें वन विभाग से आनपति प्रमाण पत्र लिए जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में जिले के उपायुक्त नैंसी सहाय ने संबंदिध विभाग को पत्र लिखकर अनापत्ति प्रमाण पत्र देने के कार्य मे तेजी लाने का निर्देश दिया है।प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण को लेकर प्रखंड के खेल प्रेमियों को काफी उम्मीदें है पर इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिये जाने के कारण वे काफी निराश थे पर अब फिर इस तरफ सुगबुगाहट होने की खबर सुनकर उन्हें निर्माण की उम्मीद जगी है।

## लालबंगला स्थित मकान में हुई चोरी

**चरही।** चरही थाना क्षेत्र के लालबंगला के मकान में चोरी होने की एक मामला प्रकाश में आया है।इस संबंध में भुक्तभोगी ने चरही थाना मामला दर्ज कराने को लेकर आवेदन दिया है।भुक्तभोगी संजय सिंह पिता रामविलास सिंह ने आवेदन में लिखा है कि 9 फरवरी को घर में ताला लगाकर सह परिवार एक शादी समारोह में शरीक होने के लिए हजारीबाग गए हुए थे।इसी बीच अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर सारे समानों और नगदी समेत जेवरात को चोरी कर चंपत हो गए। जब भुक्तभोगी के अपने परिवार सहित घर पहुंचे तो देखा कि दरवाजे पर लगे ताला टूटे पड़े हैं और अंदर के सभी समान बिखरे पड़े हुए हैं।चोरों ने सोने की चैन,कान के दो सेट झूमके,पायल दो सेट,बिछिया दस सेट,डबे में रखे चांदी के सिक्के और पांच हजार रुपये नगद कुल मिलाकर दो लाख रुपये समान को चोरों चोरी कर भाग निकले।

## फरार अभियुक्त के घर बरही पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**बरही।** न्यायालय के आदेश पर शनिवार को बरही थाना कांड संख्या 110/13 में प्राथमिकी अभियुक्त त्रिभुवन महतो पिता स्वर्गीय नारायण महतो केंदुआडीह पंचायत खर्की थाना विष्णुगढ़ व अप्राथमिकी अभियुक्त बाबू उर्फ केदार साहू पिता महादेव साव गोंगियाटाहो, टेकलाल सिंह पिता अक्ल सिंह दोनो जिला बोकारो के विरुद्ध माननीय न्यायालय से निर्गत इस्तेहार का विधिवत तामिला किया गया। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक बिपिन कुमार यादव ने जाकर इश्तिहार चिपकाया।

### रोजगार मेला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# प्रशिक्षित युवाओं को शत-प्रतिशत होगी रोजगार की गारंटी : राजेंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखण्ड के धनवार पंचायत अंतर्गत पैक्स कार्यालय में झारखण्ड स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत विनायक फंडामेंटल रिसर्च एंड एजुकेशन सोसायटी के तत्वाधान में निःशुल्क प्रशिक्षण एवं रोजगार उन्मुखीकरण को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद व संचालन प्रधानाचार्य चंदन सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंदन सिंह ने कहा कि झारखण्ड स्किल डेवलपमेंट मिशन के अंतर्गत निःशुल्क ट्रेनिंग एवं शत प्रतिशत रोजगार सहायता को लेकर युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हजारीबाग बोंगा आईटीआई में रहना खाना, यूनिफॉर्म, व्यक्तित्व विकास, निःशुल्क प्रशिक्षण, आवासीय पाठ्यक्रम के साथ अन्य सुविधाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने वालो को उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि रोजगार मेला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम से युवाओं को शत प्रतिशत रोजगार मिलेगा।

कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर यहां के युवाओं में कौशल विकास होगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षक जमशेद आलम, सुनील कुमार, जगदीश कुमारी शामिल हुए और प्रशिक्षण दिए। मौके पर उमेश यादव, बह्मदेव यादव, रवि यादव, पंसस प्रतिनिधि विकास यादव, प्रकाश साव, सलोनी कुमारी सहित अन्य महिलाएं व ग्रामीण मौजूद रहे।



रोजगार मेले में मौजूद ग्रामीण व संस्था के अधिकारीगण।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**चरही।** चरही थाना क्षेत्र के यूपी मोड़ एनएच 33 के समीप सड़क दुर्घटना एक व्यक्ति मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार हजारीबाग के लाखे कोर्रा निवासी मो.सोएब के पुत्र वकार अकरम उर्फ मुना और इसके चचेरा भाई सालिक हमराज हुसैन दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर अपने ससुराल इंद्रा जा रहे थे। बाइक का रफ्तार तेज होने के कारण संतुलन बिगड़ गया। दोनों सड़क के किनारे गिर पड़े। जिस क्रम में वकार अकरम की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृतक के भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। चरही थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार को सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए मांडू अस्पताल भेज दिया।वहीं मृतक के शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दी दिया गया।

## प्रत्याशियों को मिले चुनाव चिह्न

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन करने वाले प्रत्याशियों को निर्चाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय द्वारा चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। इसके तहत 18 प्रत्याशी मैदान में हैं। जिनमें कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो को हाथ छाप, आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को केला छाप, नवोदय जनतांत्रिक पार्टी के युगन कुमार को कंप्यूटर, झारखंड पार्टी के संतोष कुमार महतो को फलों की टोकरी,निर्दलीय अजित कुमार को हरी मिर्च,इमाम साफी को बैटरी टॉर्च,कामदेव महतो को पानी का जहाज, तुलेश्वर कुमार पासवान को गन्ना किसान, धनंजय कुमार पुटूस को फोन चार्जर,पांडव कुमार महतो को सेव, प्रदीप कुमार को हेलीकॉप्टर,फारूख अंसारी को फुटबॉल, मनोज कुमार बेदिया को ऑटो रिक्शा,महिपाल महतो भिंडी, रंजीत महतो को चारपाई,रामावतार महतो को बाल्टी, सहदेव कुमार को भाला फेक और सुलेन्दर महतो को माचिस की डिब्बी चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।

## अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 101वीं जयंती समारोह का आयोजन आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 101 वी जयंती समारोह के साथ-साथ शहीद जगदेव रथ का स्वागत समारोह का आयोजन मंच अध्यक्ष उमेश दांगी के नेतृत्व में किया जाएगा। इस अवसर पर बड़कागांव सूर्य मंदिर स्थित अमर शहीद जगदेव प्रसाद के आदम कद प्रतिमा में माल्यार्पण व आम सभा का आयोजन कियाा जाएगा। इसके पूर्व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं गुरुदयाल महतो के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। साथ ही साथ अमर शहीद जगदेव प्रसाद जागरण अभियान रथ का स्वागत बड़े धूमधाम रेंज ऑफिस के निकट किया जाएगा। जागरण अभियान रथ 2 फरवरी से 3 मार्च तक चलेगा। जिसका लोकार्पण माननीय आलोक कुमार मेहता मंत्री राजस्व भूमि सुधार एवं गन्ना विभाग बिहार सरकार पटना, माननीय सम्राट चौधरी नेता प्रतिपक्ष बिहार विधान परिषद पटना, माननीय नागमणि कुशवाहा पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार सह राष्ट्रीय अध्यक्ष शोषित इंकलाब पार्टी जननेता, माननीय श्री भगवान सिंह कुशवाहा पूर्व मंत्री व प्रदेश उपाध्यक्ष जदयू बिहार , माननीय अर्जुन मंडल पूर्व मंत्री बिहार ,माननीय चतुर्दशी सिंह कुशवाहा पूर्व सांसद नेपाल एवं माननीय डॉ महबूब आलम अंसारी राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय मोमिन फ्रंट ,द्वारा 2 फरवरी को रथ को पटना से रवाना किए हैं। 3 मार्च को 2 मार्च को बोधगया 3 मार्च को 1:00 दिन संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पटना हाई कोर्ट पर माल्यार्पण के बाद अमर शहीद जगदेव प्रसाद जागरण अभियान का समापन किया जाएगा इस तरह पूरे झारखंड बिहार में अमर शहीद जगदेव प्रसाद जागरण अभियान का दौरा है ।

रथ का नेतृत्व डॉक्टर संत कुमार सिंह, आचार्य डॉक्टर मुन्ना कुशवाहा बिहार वासपा नेता ,डॉक्टर अशोक कुमार शोषित समाज दल के नेता ,वशिष्ठ नारायण सिंह और विपुल कुमार रथ में विराजमान है। जागरण रथ 11 फरवरी को जागरण अभियान रथ 2:00 बड़कागांव पहुंचेंगी जिसका भव्य स्वागत किया जाएगा।


### कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

ज्ञापांक........................खूँटी, दिनांक..................

**प्रेस विज्ञप्ति**

नगर पंचायत, खूँटी क्षेत्रांन्तर्गत सभी बिल्डर्स एवं भवन मालिकों/सोसाईटी को सूचित किया जाता है कि सभी बहुमंजिली इमारतों आवासीय एवं व्यवसायिक निर्मित एवं निर्माणाधीन के सुरक्षा मानकों जैसे अग्निशमन यंत्र का अधिष्ठापन इत्यादि के सत्यापन हेतु नगर पंचायत स्तर से जांच दल का गठन किया गया है, जिसमें नगर पंचायत के साथ–साथ पुलिस पदाधिकारी, अग्निशमन पदाधिकारी तथा दण्डाधिकारी भी शामिल होंगे।

अनुरोध है कि इस कार्य में अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाय ताकि जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित किया जा सके।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 289661 (Urban Development)22-23*D


## बैठक संपन्न, कमेटी का हुआ गठन

### अध्यक्ष बिपिन कुमार सिन्हा व रमेश ठाकुर, गुरुदेव गुप्ता, सुरेंद्र रजक, छोटन ठाकुर बनाये गये संरक्षक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** धनबाद रोड स्थित भगवती मंदिर के प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शतचंडी महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से कमिटी का गठन कर अध्यक्ष बिपिन कुमार सिन्हा को मनोनीत किया गया। वही संरक्षक के रूप में रमेश ठाकुर, सुरेंद्र रजक, गुरुदेव गुप्ता, किशोरी सिंह, छोटन ठाकुर, सुन्दरी निषाद चुने गए। वही सचिव बलराम प्रसाद केशरी, सह सचिव पंकज कुमार वर्णवाल, कोषाध्यक्ष ब्रजेश ठाकुर, उपाध्यक्ष अशोक यादव, कैलाश ठाकुर, युगल यादव, नंदकिशोर साव, मनोज साव, सुनील साव, बिट्टू जायसवाल, शिवा निषाद, संतोष निषाद, सोनू केसरी, अमित सिंह, किशोर ठाकुर, प्रभु राना, वीरेंद्र रविदास, मनोज उपाध्याय, रमेश श्रीवास्तव, चंदन सिंह, संजय यादव बने। वही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संतोष ठाकुर, रवि कुमार, अविनाश साव, सागर कुमार, छोटू कुमार, शिवम कुमार, दीपक कुमार, चंद्रदीप यादव, टिंकू सिंह, पिंटू ठाकुर, विक्रम पांडेय, विनय कुमार, रोहित कुमार, अमित कुमार, बबलू केशरी, विक्की केशरी, सोनू राणा, कार्तिक भगत, उत्कर्ष रंजन, सूरज निषाद, अनुज मालाकार, सुरेंद्र निषाद आदि चुने गए।



महायज्ञ के आयोजन को लेकर बैठक में शामिल लोग।

## रकम लेकर जमीन बेचने से मुकरा, थाने में दर्ज हुआ मामला

**दारू।** दारू थाना क्षेत्र में जमीन बिक्री के पैसा लेकर रजिस्ट्री नही करने को लेकर जालसाजी व धमकी देने का मामला दर्ज हुआ है। इस मामले में पीड़ित मेड़कुरी कला निवासी सुकना देवी पति मेघन गोप ने पांच लोग मुंशी यादव, तलवा देवी,विजय यादव, उर्मिला देवी जमडीहा इचाक और अशोक यादव फुरूक्का इचाक निवासी के खिलाफ कोर्ट परिवाद के माध्यम से मामला दर्ज कराया है।पीड़ित ने आवेदन में बताया कि आरोपी विजय के साथ उसकी जान पहचान थी उसने कहा कि मेड़कुरी में उसके ससुर मुंशी यादव की जमीन है जिसे बेचना है। पीड़ित ने विजय की बात पर भरोसा कर मेड़कुरी के खाता संख्या 23 प्लाट संख्या 64 रकबा 24 डिसमिल का सौदा किया और उसे वर्ष 2019 में 2 लाख 90 हजार रुपैये नगद दे दिए। रकम लेने के बाद वह जमीन की रजिस्ट्री करवाने से मुकर गया रकम वापस मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने दारू अंचल व थाना को आवेदन दिया पर कहीं कोई सुनवाई नही हुई। उसने थक हारकर कोर्ट परिवाद दिया जिसके बाद थाना में मामला दर्ज किया गया।

## एजीएम की वार्षिक बैठक पंचायत भवन बलसगरा में संपन्न

**गिद्दी।** बलसगरा पंचायत भवन में एजीएम की वार्षिक बैठक आयोजित की गयी। एफपीओ के गठन और संवर्द्धन के लिए केंद्रीय क्षेत्रीय योजना के तहत डाड़ी एग्रीकल्चर फॉर्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड डाड़ी हजारीबाग एफपीओ बोर्ड मेंबर, अध्यक्ष, सचिव एवं शारदा संस्था के एमडी, बीएओ, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंसस एवं डाड़ी प्रखंड के किसान मौजूद थे।


### झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०

**Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.**

(A Govt. of Jharkhand undertaking )E-mail ID dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in

कार्यालयः प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज,पलामू

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर , लातेहार स्थित रिचुघुटा वनागार, रिचुघुटा एवं अन्य अस्थायी वनागार में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता है। वनागारों में आम नीलामी की तिथि अगले छः माह के लिए निम्नवत निर्धारित की जाती है:–

| वनागार का नाम | समय | फरवरी 2023 | मार्च 2023 | अप्रैल 2023 | मई 2023 | जून 2023 | जुलाई 2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| चैनपुर वनागार एवं अस्थायी वनागार प्रादेशिक प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर चैनपुर ,कुन्दरी , पाटन एवं सरकारी परिसर | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न अन्त 1:00 अपराह्न | 17-02-23 | 13-03-23 | 05-04-23 | 03-05-23 | 06-06-23 | 04-07-23 |
| रिचुघुटा वनागार एवं अन्य अस्थायी वनागार | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न अन्त 1:00 अपराह्न। | | 14-03-23 | 06-04-23 | 04-05-23 | 07-06-23 | 05-07-23 |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार ) रुपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा । नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/
प्रमण्डलीय प्रबन्धक
**बारियातू।** पुलिस अधीक्षक लातेहार की गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अजित कुमार सिंह द्वारा गठित टीम के द्वारा बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी एंव सीआरपीएफ एफ 11 सहायक अधिकारी विशांत कुमार के नेतृत्व में बालूभाँग के बूढ़ी सखुआ के वन क्षेत्रो में अवैध ढंग से लगाए गए पोस्ता खेती को लगभग छह एकड़ से भी अधिक क्षेत्रों मे नष्ट किया है। उक्त जहरीले अफीम पोस्ता खेती नष्ट किए जाने के सम्बन्ध मे बारियातू थाना प्रभारी मुकेश ने बताया है कि बालुभांग के बूढ़ी सखुआ सहित अन्य जंगली व नदि किनारे लगाए गए अवैध रूप से लगभग छह एकड़ की पोस्ते की खेती को ट्रैक्टरों से नष्ट किया जा रहा है। साथ ही जहां पर ट्रेक्टर नही पहुंच पा रहा है। वहां पर स्प्रे के माध्यम से पोस्ते की पौधों को नष्ट किया गया है। बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार सिंह ने अवैध रूप से पोस्ते की खेती व इसमें सहयोग करने वालो से अपील किया है कि लगाए गए खेती को स्वंय नष्ट करे व इसकी खेती नही करे। पोस्ते की खेती उन्मूलन को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके वावजूद भी पोस्ते की बढ़ावा देने के साथ अवैध तस्कर के लिए काम कर रहे लोगों को चिंहित भी किया जा रहा है। किसी भी स्थिति में चिंहित होने वाले व्यक्ति को बख्सा नही जाएगा। पोस्ते की खेती को नष्ट करने का अभियान लगातार चलता रहेगा। इसके पूर्व भी लगातार पोस्ते खेती नस्ट करने के पुलिस काम रही थी। अभियान में एसआई बिंदेश्वर महतो, रवि कुमार सहित कई सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# सोलर जलमीनार योजना में जमकर हुई धांधली और प्राक्कलन घोटाला

## इस महत्वाकांक्षी योजना में प्रारंभ से ही चल रहा है कमीशनखोरी का खेल

- जो ज्यादा कमीशन देता है, उसी ठेकेदार को मिलता है काम

**दीपक राज**



**बरवाडीह।** सरकार ने लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर सोलर जलमिनार योजना की शुरूआत की थी। प्रारंभ में इस योजना के लिए 3,84,691 तथा 4,26,122 और 4,56,208 रुपए का बजट तैयार किया गया था। अधिकांश क्षेत्रों 3,84,691 रुपए की राशि का जलमिनार लगाया गया है, लेकिन सूत्रों की माने तो बरवाडीह में लगाए गए सभी जलमिनारों की कीमत महज डेढ़ से दो लाख रुपए के अंदर है। बाकी की राशि कमीशन खोरी की भेंट चढ़ गई है, जो की जांच का विषय बन गया है। लोग इस योजना की उच्चस्तरीय जांच की मांग सरकार और वरीय अधिकारियों से कर रहें है, क्योंकि इस योजना में जमकर धांधली हुई है, और सरकारी पैसों का दुरुपयोग करने के साथ बंदरबांट भी किया गया है।

### फंड आते ही ब्लॉक के चक्कर लगाते दिखते हैं दर्जनों ठेकेदार

बता दें कि योजना के लिए फंड आते ही दर्जनों ठिकेदार ब्लॉक, मुखिया और पंचायत सेवकों के पीछे पड़ जाते है, लेकिन जो ठिकेदार प्रति जलमिनार सबसे ज्यादा कमीशन देता है, उसको ही यह काम मिलता है। कई ठिकेदार तो एडवांस में पैसे खर्च कर के भी काम नहीं ले पाते है, क्योंकि दूसरे ठिकेदार बड़ी राशि देकर इस योजना को हथिया लेते है, फिर तय मानक के विपरित काम करके निकल जाते है। एक बात तो साफ हो गई है की इस योजना ने कई संबधित पंचायत कर्मियों को मालामाल कर दिया है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि योजना स्थल पर इसके प्राकलन से संबधित किसी प्रकार की बोर्ड नहीं लगाई जाती है, ताकि किसी आम व्यक्ति को जानकारी न हो की यह योजना किस विभाग से और कितने की राशि से लगाई जा रही है। कुछ ठिकेदारों की माने तो इस योजना में गुणवता की बात नहीं होती, बात होती है तो सिर्फ कमीशन की। ऐसे में मानक के अनुरूप काम हो तो आखिर कैसे हो यह एक बड़ा सवाल बन कर रह गया है।

### खराब पड़ी है जलमीनार

बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में जलमीनार लगने के कुछ दिनो बाद से ही खराब पड़ी है। लेकिन इसे देखने ताकने वाला कोई नहीं है। जलमिनार लगाने के चक्कर में कई चापानलों को भी खराब कर दिया गया है। इससे अब पेयजल के लिए लोग जाए तो जाएं कहां। शिकायत के बावजूद कई महीनों तक न विभाग की नींद खुलती है, और न ही जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की। लेकिन इस योजना के आते ही कमीशनखोरों की तादात में इजाफा जरूर हो जाता है। जानकारी देते चले की खुरा पंचायत अंतर्गत गुलजारबाग में चार महीने से लोग खराब पड़े जलमिनार को बनवाने की गुहार स्थानीय मुखिया और प्रखण्ड प्रशासन से लगा रहें है। लेकिन कोई अब तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उधर बीस सूत्री सदस्य महबूब आलम ने बताया कि बेतला पंचायत के पोखरी खुर्द मिडिल के समीप दो महीने से जलमिनार खराब पड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड क्षेत्र में लगाए गए सभी जलमिनार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। उन्होंने पर मामले की शिकायत सीएम से करने की बात कही है।

स्पीड न्यूज

## कांग्रेसी करेंगे हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम

**धनबाद।** कांग्रेस कार्यालय हाउसिंग कॉलोनी में एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष रशीद रजा एवं जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह कि अध्यक्षता में जानकारी दी कि हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम धनबाद के विधानसभा क्षेत्रों में प्रखंडों में दो माह तक चलाया जाएगा। जिसमें हम घर घर जाकर बीजेपी सरकार की विफलताओं के विषय में लोगों को बताएंगे। साथ ही साथ इस कार्यक्रम के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क बनाने की कोशिश की जाएगी। मौके पर मौजूद थे संतोष कुमार सिंह, रसीद राजा, योगेंद्र सिंह योगी, रमेश राय, अरविंद सैनी आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का एकदिवसीय जिला सम्मेलन

**कुमारधुबी।** निरसा के बिरला ढाल स्थित श्रम कल्याण केंद्र परिसर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का एक दिवसीय जिला सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर वर्तमान पार्टी के विधायक सह पूर्व मंत्री कमलेश सिंह सहित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित हुए । कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव उमेश गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर तथा माला पहना कर स्वागत किया गया। जिसके बाद विभिन्न पार्टियों से आए कार्यकताओं को माला पहनाकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल किया गया।

## जय श्रीकृष्ण के उद्घोष से गूंजा अलकडीहा

**तिसरा।** अलकडीहा शिव मंदिर धाम में नगर कीर्तन का आयोजन किया गया ।जिसमें इस्कॉन मंदिर मायापुर के कीर्तन मंडली शामिल हुए इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति में हो गया। नगर कीर्तन में महिलाओं की संख्या अधिक थी आचार्य संदीप शास्त्री मोहन सिंह कार्तिक प्रभु की ओर से जय राधे जय राधे, जय श्री कृष्ण जय श्री कृष्ण बोलो हरे कृष्ण हरे कृष्ण हरि बोल के गीत पर पूरा लोग झूम उठे। उसके पहले आसपास नगर भ्रमण भी कराया गया। भागवत कथा का भी आयोजन किया। संदीप शास्त्री ने बताया कि चेतना मैं चैतन देने के लिए हमलोग वीरा उठाए हैं मनुष्य के अंदर चेतना तो है लेकिन उन्हें ज्ञान की जरूरत है। मौके पर क्रांतिक प्रभु धर्म प्रति रामदास धन जगन्नाथदास केदार प्रभु, अजीत मोदक आदि थे।

## दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने सर्किट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 11 एवं 12 फरवरी को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ब्लेसिंग मैरिज हॉल किया जाना तय हुआ है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ज्योति बहन पांडेया राष्ट्रीय महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष तथा राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश का आगमन होना तय हुआ है।

## छह खिलाड़ियों का चयन धनबाद जिला अंडर-19 गर्ल्स टीम में

**चिरकुंडा।** माही क्रिकेट क्लब (गर्ल्स)कुमारधुबी की छह खिलाड़ियों का चयन धनबाद जिला अंडर-19 गर्ल्स टीम में होने पर कुमारधुबी क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमियों में हर्ष व्याप्त है। चयनित खिलाड़ियों में दीक्षिता प्रसाद,बबली कुमारी,अंकिता कुमारी मौर्या,अंजलि सोरेन, प्रतिमा कुमारी, अर्पिता लायक (पाखी) शामिल हैं।

## जमसं ने मनाया पत्रकार का जन्मदिन

**बेरमो।** जनता मजदूर संघ ढोरी क्षेत्र के पदाधिकारियो ने पत्रकार नंदलाल सिंह का जन्मदिन ढोरी महाप्रबंधक कार्यालय मे घूमधाम से मनाई। सक्रिय क्षेत्रीय सचिव विकास सिंह ने कहा कि श्री सिंह निस्वार्थ भाव से यूनियन का समाचार प्रकाशित करते हैं। साथ ही साथ सभी ने उनके उज्जवल भविष्य और लंबी उम्र की कामना किया।

# संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत, जहर देकर हत्या का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** धनबाद के महुदा थाना क्षेत्र के कांड्रा बस्ती निवासी 30 वर्षीय महिला जैबुन खातून की मौत बोकारो के अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। निश्रा के तेतुलिया निवासी महिला के मायके वालों ने बताया कि बीते दिनों मृतिका ने अपने मायके फोन कर पति द्वारा मारपीट एवं प्रताड़ित करने की बात कहते हुए अपनी हत्या की भी आशंका जताया था। बकौल परिजन दो दिन पूर्व उसके पति इब्राहिम खान ने जैबुन को जबरन जहर पिलाया और करीब पांच घंटे बिताकर उसे बोकारो के एक अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

### शारीरिक-मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया



परिजनों ने बताया कि इब्राहिम की पूर्व में भी एक शादी हुई थी और उस वक्त भी वो अपनी को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया करता था। तंग आकर पूर्व पत्नी ने समाज मे बात रखी एवं इब्राहिम से तलाक ले लिया। फिर इब्राहिम का विवाह जैबुन से हुआ और विवाह के बाद से ही इब्राहिम जैबुन को प्रताड़ित करने लगा। उस वक्त मामला थाने भी गया पर समाज की पहल पर उसे फिर घर बसाने का एक मौका दिया गया। परिजनों ने बताया कि फिर भी इब्राहिम का आचरण नही बदला वो लगातार उनकी बहन को प्रताड़ित किया करता था वर्तमान में भी उसके शरीर पर चोट एवं चाकुओं के निशान हैं। उन्होंने इस मामले को सुलझाने की काफी कोशिश पर इब्राहिम ने अंततः जैबुन की हत्या कर दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया तथा मामले की छानबीन में जुट गई है।

## हरि मंदिर छत की ढलाई में शामिल हुए दीप नारायण सिंह



**पूर्वी टुंडी।** शुक्रवार को मैरानावाटांड हरि मंदिर का छत ढलाई हुआ। जिसमें जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। हरि मंदिर छत ढलाई के क्रम में दीप नारायण सिंह ने श्रम दान किया। बताते चलें कि गांव के युवाओं ने पुराना हरि मंदिर का जीर्णोद्धार कर नया हरि मंदिर निर्माण का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में आज हरि मंदिर का छत ढलाई हो रहा है। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन में शामिल होने से मन को शांति मिलती है। और मन में सकारात्मक ऊर्जा के साथ समाजिक कार्य करने की इच्छा शक्ति प्राप्त होती है। गांव के युवाओं को इस प्रकार की आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। मौके पर जदयू जिला महासचिव दीपक कुमार महतो, पूर्व मुखिया विपिन दा,यूथ फोर्स पूर्वी टुंडी प्रखंड अध्यक्ष परिमल दे, गुड्डू सिंह, दुलाल दा, मोचीराम दा, छोटू दा, कन्हाई दे, बहादुर साहनी, मदन रक्षित, पंकज दा, शुकुमार दा , चिंताहरण दा मौजूद थे।

## दो बाइक की भिड़ंत में दो घायल

**बेरमो/जारंगडीह।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के गोमियाए फुसरो मुख्य मार्ग पर जारंगडीह गायत्री कॉलोनी के समीप दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलो कि सिधी जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दोनों ही मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि घायल बाइक सवारो की पहचान पहला गांधीनगर 3 नंबर कॉलोनी निवासी उलेश महतो तथा दुसरे की पहचान जारंगडीह के ऊपर बंगला निवासी नितेश सिंह के रूप में हुई है। हालांकि दोनों खतरे से बाहर है।

## एक नजर में

## कसमार की किशोरियों ने किया जिलास्तरीय एक्सपोजर विजिट




**बोकारो/कसमार।** सहयोगिनी संस्था बहादुरपुर से जुड़ी कसमार प्रखंड के कई गांव की किशोरियों शीतल कुमारीए निक्की कुमारीए पूनम कुमारीए पूजा कुमारीए अंजली कुमारीए नीतू कुमारीए कुमारी पूनमए पूजाए अर्पिता एवं विद्या कुमारी को नेतृत्व क्षमता विकास हेतु जिलास्तरीय एक्सपोजर विजिट कराया गया। किशोरियों ने विजिट करते हुए डालसा सचिव निभा लकड़ाए सिविल सर्जन ऑफिस में डॉ एन पी सिंहए महिला काउंसिलिंग सेंटर में एलिन वीना लकड़ाए डीसी ऑफिस में विवेक सुमनए सीडब्ल्यूसी कार्यालय में मो रजी अहमदए रेणु सिंह एवं सरिता कुमारी से मिलकर अलग अलग विभागों से मिलनेवाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा प्रखंड से लेकर जिलास्तरीय गतिविधियों से रूबरू हुईं।

## डीडीसी ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने आज सदर अस्पताल पहुंचकर मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का फाइलेरिया की दवा का सेवन कर शुभारंभ किया। दवा का सेवन करने के बाद उन्होंने कहा कि लोगों को स्वस्थ और रोग मुक्त रखने के संकल्प को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आज से जिले में शुभारंभ किया गया है। 11 फरवरी से 25 फरवरी तक छूट हुए लोगों को दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने दवा खिलाई जाएगी। इसके बाद उन्होंने सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा के साथ अस्पताल में मरीजों के इलाज की व्यवस्थाओं तथा सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने हर विभाग में जाकर मरीजों को मिलने वाली दवा तथा इलाज में काम आने वाले उपकरणों से संबंधित रजिस्टर की जांच की।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बेरमो।** शुक्रवार को सीसीएल के केंद्रीय आस्पताल ढोरी के सौजन्य से ढोरी बस्ती के सोतारडीह में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर सीएसआर योजना के तहत का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से केंद्रीय आस्पताल ढोरी के डॉक्टर शल्या एवं सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार एवं मुख्य अतिथि के रुप में सीसीएल सीकेएस के वेलफेयर बोर्ड सदस्य रवीन्द्र कुमार मिश्रा के आलावे वार्ड पार्षद वीणा देवी एवं क्षेत्रीय सलाहकर समिति सदस्य महेंद्र चौधरी एविनय कुमार सिंहए कैलाश ठाकुरए कुलदीप आदि ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। आयोजित शिविर से श्रमिक संगठनों के नेताओं द्वारा डॉक्टर शल्या को अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ अर्पित कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि रवीन्द्र मिश्रा को महेंद्र चौधरी ने बुके दे कर स्वागत किया।

# सर्वश्रेष्ठ मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री सूची में शामिल हुआ वेदांता, कर्मचारियों में हर्ष

अखिलेश कुमार सिंह



**बोकारो।** प्रमुख राष्ट्रीय स्टील उत्पादक वेदांता समूह की ईएसएल स्टील लिमिटेड को भारत के 50 सर्वश्रेष्ठ मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री कार्यस्थल 2023 की सूची में शामिल किया गया। यह पुरस्कार वेदांता ईएसएल के लोगों द्वारा बनाए गए वर्क कल्चर का प्रतिनिधित्व करता है, जो नैतिकता और जिम्मेदारियों की भावना पर आधारित है। यह वैश्विक संगठन कर्मचारियों के ओपिनियन पोल और कल्चर ऑडिट वाले ट्रस्ट इंडेक्स में शामिल है।वेदांता अपने डेटा.आधारित मॉडल के माध्यम से ग्रेट प्लेस टू वर्क संगठन के मूल्योंए प्रभावशीलता, विश्वास, मानव क्षमता, वित्तीय विकास और इनोवेशन के संदर्भ में कर्मचारी अनुभव को मापता है। कर्मचारी समर्पण व प्रतिबद्धता और सकारात्मक कार्यस्थल गतिविधियों सहित कर्मचारियों को प्राथमिकता देने के संदर्भ में मैन्युफैक्चरिंग उद्योग में वेदांता ईएसएल को यह प्रतिष्ठित प्रमाणन दिया गया है।

## वेदांता इएसएल में मिला सुरक्षा प्रशिक्षण

**बोकारो।** झारखंड सशस्त्र पुलिस के सहयोग से वेदांता ईएसएल की सुरक्षा टीम ने उपद्रव और भीड़ नियंत्रण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु झारखंड पुलिस और ईएसएल सुरक्षा दल के संयुक्त प्रयास से सौ से अधिक सुरक्षाकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया।वेदांता ईएसएल अपने कार्यबल को आवश्यक सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करके उनकी गुणवत्ता को और भी दृढ करने के लिए अपेक्षित प्रयास करता है जिस से अंततः स्थानीय लोगों को भी लाभ होता है।

## धनबाद : विशेष कार्य पदाधिकारी ने सुनी आमजनों की शिकायत

**धनबाद।** विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। इस दौरान शहीद सीआरपीएफ हीरा कुमार झा की पत्नी बीनू झा ने कृषि योग्य जमीन आवंटन के संबंध में एक आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार के राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार शहीद के आश्रितों को 12.5 डिसमिल भूमि आवास के लिए देगा।

## चैतुडीह कोलियरी में वार्षिक खान सुरक्षा

**सिजुआ।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के गजली टांड़ कतरास चैतुडिह कोलियरी प्रांगण में वार्षिक खान सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया ।उपस्थित खान सुरक्षा जांच टीम के अतिथियों को कोलियरी परियोजना पदाधिकारी मोहन मुरारी ने स्वागत किया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर निगम गीत के साथ कंपनी का झंडोत्तोलन अतिथियों के द्वारा किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डीजीएमएस डायरेक्टर मुकेश कुमार सिन्हा ने कहा राष्ट्र की ऊर्जा को पूरा करने के लिए कोयले का उत्पादन करना जरूरी है ,परंतु उससे कहीं ज्यादा जरूरी जान माल की रक्षा करना है । इसलिए पूरी सुरक्षा के साथ कोयले का उत्पादन करना है। पीओ मोहन मुरारी ने गत वर्षो की सुरक्षात्मक कार्यप्रणाली पर विशेष रूप से प्रकाश डाला।

# कुइयां कोलियरी में धूमधाम से मना सुरक्षा सप्ताह

खबर मन्त्र संवाददाता



**तीसरा।** बस्ताकोला क्षेत्र के कुइयां ओपन कास्ट परियोजना में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया मुख्य रूप से परियोजना कार्यालय में झंडा तोलन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ सभी लोगों ने शपथ ग्रहण किया. मुख्य रूप से खान सुरक्षा सप्ताह में टीम के कन्वेनर बासुदेव कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सुरक्षा के लिए नियम कानून का पालन करने के साथ-साथ स्वस्थ होना भी जरूरी है मन एवं तन स्वस्थ होगा तो हम सुरक्षा पर नियंत्रण कर सकते हैं। इसलिए सुरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य जीवन भी जरूरी है . सुरक्षा के दायरे में कार्य करने की नसीहत दी । उन्होंने कहा कि सुरक्षा सप्ताह का मुख्य उद्देश्य आदत एवं नीतियों का विकास करते हुए अनुशासन में काम करना।

डीजीएमएस के उप निर्देशक मनोज कुमार साहू ने बताया कि सुरक्षा के प्रति जबसे माइंस चल रहा है तभी से हमें सचेत रहना होगा क्योंकि माइंस जॉब ओल्ड एज में पहुंच जाती है तो उस समय सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना पड़ता है और इस स्थिति में हम लोगों को आदत छूट जाती है जिसके कारण परेशानी होती है इसलिए परियोजना चालू होने से ही जो नियम कानून है उसको लेकर चलना चाहिए तभी हम सुरक्षित परियोजना को चला सकते हैं। जीएम सेफ्टी पीके दुबे ने कहा कि सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा भी जरूरी है। इसके बाद कर्मी को पुरस्कार दिया गया। बाद में आउटसोर्सिंग परियोजना डिपार्टमेंटल परियोजना का निरीक्षण किया गया।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

बस्ता कोला क्षेत्र के जीएम जे सी राय , परियोजना पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह प्रबंधक संजीव कश्यप आउटसोर्सिंग के निर्देशक तेजा रेड्डी, एएम पाल, आई एस ओ के डीके श्रीवास्तव, एमके कुंडू टीम मैनेजर संजय नंदा, सर्वेक्षक दिलीप कुमार महतो, शिव शंकर महतो, तुलसी रवानी, दिनेश सिंह, प्रभास सिंह, विनोद प्रजापति, राजीव सिंह, रणधीर केसरी, सीतेश्वर राय आदि थे।

# रेलवे ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**चिरकुंडा।** कुमारधुबी स्टेशन के समिप रेलवे के अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। शुक्रवार को स्टेशन के पास भव्य वेलकम द्वार रेलवे द्वारा बनाये जाने को लेकर रेलवे के अधिकारियो ने रेलवे के भारी सुरक्षा बल लेकर कुमारधुबी स्टेशन पहुचे और दो बडे गढ्ढे खोदने लगे तथा आसपास के अतिक्रमित भुमी को खाली कराने लगे नगर परिषद के द्वारा निमार्णाधीन सामुदायिक भवन को भी रेलवे द्वारा बल पूर्वक तोडा गया।इस तोड फोड के विरोध मे नगर परिषद के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन मौके पर पहुचे और सामुदायिक भवन को तोडने का विरोध करने लगे उनके साथ पार्षद प्रतिनिधी भी मौजूद थे रेलवे के अधिकारी व नगर परिषद के सिटी मैनेजर के बिच काफी नोक झलक हुई रेलवे सुरक्षा बल के जवानो ने बल पूर्वक सामुदायिक भवन व एक फुटपाथ होटल को भी तोड डाला।सिटी मैनेजर का कहना था कि बिना नोटिस दिये रेलवे तोड फोड प्रारंभ कर दी वही रेलवे के अधिकारी ने बताया कि वे नोटिस चपका दिये थे इसका सबूत उनके पास है इसी बिषय को लेकर नप अधिकारी व रेलवे अधिकारी के बिच टकराव उत्पन्न हुआ वही आसपास के लीज पर लिये लोगो से भी रेलवे कागजात की मांग की है मौके पर रेलवे अधिकारी मे आईओडब्लु सीतारिमपुर शिव कुमार आरपीएफ ईन्सपेक्टर केपी साहा बराकर आईओडब्लू मिथिलेश कुमार नगर परिषद की और से नप अध्यक्ष डबलु बाउरी,सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन आदि मौजूद थे।

# पूंजीपतियों के हाथ केंद्र ने सौंप दिया है देश का भविष्य : संतोष

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** झरिया नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व मे कांग्रेस पार्टी के आदर्श नेता आदरणीय राहुल गांधी एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे झारखण्ड प्रदेश प्रभारी श्री अविनाश पांडे जी एवम प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर जी के निदेर्शानुसार, हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत झरिया चौथाई कुल्ही,वार्ड संख्या-45 में कार्यक्रम आयोजित की गई है। कार्यक्रम के संयोजक विनय शर्मा मौजूद थे। मुख्य अतिथि धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है देश में महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार सीमा पर है। मोदी सरकार चंद पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि एसबीआई और एलआईसी में भारी मात्रा में घोटाला हुई है । कांग्रेस नेता राहुल गांधी के द्वारा इस पर आवाज उठाने के बाद भी मोदी सरकार जवाब देने एवं इस पर बहस कराने से भाग रही है।, इससे साफ जाहिर है कि मोदी सरकार चंद पूंजीपतियों को बचाने में अपनी अहम भूमिका एवं सहभागिता निभा रही है। आगे उन्होंने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार इस पर अविलंब जांच कर मामले को सार्वजनिक करे।

# सिंदरी कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी सह प्रश्नोत्तरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** सिन्दरी कॉलेज सिन्दरी के इंटरमीडिएट शाखा में 10/2/2023 को विज्ञान प्रदर्शनी सह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एक ओर विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने नये विचारों से ओतप्रोत नये प्रयोग से संबंधित मॉडल का प्रदर्शन किया तो दूसरी तरफ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पहले दो स्थान पर छात्राओं ने कब्जा जमाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज प्राचार्य डॉ नकुल प्रसाद ने बताया कि राजनीतिक विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ सुनीता जायसवाल व डॉ विशु मेघनानी की उपस्थिति में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संघर्ष व जिज्ञासा के साथ सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अर्पिता कुमारी प्रथम, नेहा बाउरी द्वितीय व प्रशांत कुमार तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन सौमित्र गौतम ने किया।

विज्ञान प्रदर्शनी का संयोजन नंदिनी, सरफराज, विरेन्द्र विश्वकर्मा व अर्चना ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सविता, अन्नूप्रिया, अन्नू श्री, कांति, बबिता व रेखा कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## पेज एक का शेष

### सौ से अधिक...

पुलिस के अनुसार नक्सलियों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए ऑपरेशन नयी दिशा का असर दिख रहा है।

**90 के दशक में संगठन में शामिल हुआ था :** वह 90 के दशक में छात्र संगठन से जुड़कर माओवादी संगठन में शामिल हुआ था। संगठन में समय गुजरने के साथ उसका ओहदा बढ़ता गया। 2001 में उसे झारखंड रीजनल कमेटी का सदस्य बना दिया गया। दुर्योधन जेल से साल 2013 में बाहर निकलने के बाद संगठन से माफीनामा लेकर वह दोबारा शामिल हो गया था। साल 2018 में उसे फिर से झारखंड रीजनल कमेटी का सदस्य बनाया गया और जिलगा सबजोन का जिम्मा दिया गया।

**गद्दार घोषित था:** बीते 15 जनवरी को मिथिलेश नक्सली संगठन से अलग हो गया था। माओवादी संगठन ने पर्चा जारी उसे गद्दार ठहराया था। दुर्योधन अपनी पत्नी ननकी कोड़ा उर्फ सुजाता को लेकर 15 जनवरी की रात भाग गया था। पर्चा के अनुसार वह पार्टी से 52 लाख 77 हजार रुपये नकद, एक टेबलेट, 83 हजार का एक मोबाइल फोन सहित कई डिजिटल उपकरण अपने साथ ले भागा था।

**हमला, लूट समेत कई गंभीर आरोप हैं :** मिथिलेश पर सीआरपीएफ कैंप पर हमला करने और स्टेशन स्थित थाना पर हमला कर हथियार लूटने सहित कई गंभीर आरोप हैं। वह मूलरूप से धनबाद के तोपचांची प्रखंड के गेंदनावाडीह का रहनेवाला है। बोकारो में कई बड़े घटनाओं में शामिल रह चुका है। खासकर झुमरा पहाड़ पर बने सीआरपीएफ कैंप पर हमला और खासमहल के सीआइएसएफ बैरक पर हमला कर हथियार लूट की घटना में सुर्खियों में मिथिलेश का नाम आया था। झारखंड के विभिन्न जिलों में 104 मामले दर्ज हैं।

### पूजा सिंघल को...

इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूजा सिंघल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**3 जनवरी को मिली थी एक माह की अंतरिम जमानत :** गौरतलब है कि इससे पहले 3 जनवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने पूजा को एक माह की अंतरिम जमानत दी थी। जिसके बाद पूजा सिंघल 4 जनवरी को जेल से बाहर निकली थी। अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने पर पूजा ने बीते 4 फरवरी को रांची इडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। जिसके बाद फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं।

**खूंटी डीसी रहते हुआ था घोटाला :** खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ उस समय पूजा सिंघल वहां की डीसी थी। ईडी ने 6 मई को तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सरकारी व निजी आवास उनके पति अभिषेक झा और उनके सीए सुमन सिंह समेत 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीए सुमन सिंह के आवास से ईडी को 19.31 करोड़ रुपये नगद बरामद हुए थे। 11 मई को ईडी ने पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया था।

### 8 साल पहले शुरू ...

**महोत्सव ने धोया नक्सलियों की क्रूरता का दाग :** सनातन, जैन और बौद्ध धर्म के इस संगम स्थल पर तीन दिवसीय महोत्सव को आयोजित करने के पीछे मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा किए गए गलत कामों के दाग को धोना था। दरअसल, साल 2014 में मां भद्रकाली मंदिर के रास्ते में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग विस्फोट कर दिया था। जिसमें एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी थी। इस घटना से प्रशासन और क्षेत्र के लोगों के साथ सांसद सुनील कुमार सिंह भी काफी आहत हुए थे। सांसद ने विस्फोट की घटना के दूसरे दिन इटखोरी पहुंचकर मन में यह संकल्प लिया था कि मां के दरबार में ऐसा उत्सव आयोजित किया जाएगा जिसकी प्रसिद्धि देश प्रदेश में फैलेगी।

**धार्मिक नगरी के रूप में विकसित हुआ भद्रकाली मंदिर :** आज मां भद्रकाली का मंदिर परिसर एक धार्मिक नगरी के रूप में विकसित हो गया है। परिसर में स्थित अस्थायी संग्रहालय में पुरातात्विक अवशेषों के रूप में मौजूद हैं। हालांकि 12वीं शताब्दी में विध्वंस के बाद यह धार्मिक नगरी पूरी तरह नष्ट हो गयी थी। छह सौ साल तक दबे रहने के बाद 18वीं सदी में इसकी खोज की गयी थी। इसके बाद धीरे-धीरे मां भद्रकाली के मंदिर परिसर को फिर से स्थापित करने का काम शुरू हुआ। वर्ष 1968 में मां भद्रकाली की मूर्ति चोरी होने और कोलकाता से दोबारा मूर्ति वापस आने के बाद इस क्षेत्र के लोगों ने अटूट श्रद्धा से मां भद्रकाली की पूजा की। इसके बाद मां भद्रकाली मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य भी युद्धस्तर पर शुरू हो गया।

## सौंदा डी में मवेशी का कटा हुआ मिला सिर, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौंदा डी हाई स्कूल के निकट सीसीएल कलोनी में शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों ने मवेशी का कटा हुआ सिर पाया। इसकी जानकारी पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। लोग कई तरह के कयास लगाने लगे। सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, तमाम वार्ड सदस्य व आमजनों की भीड़ उमड़ गई। इसके बाद घटना की सूचना भुरकुंडा पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए मवेशी के सिर को अपने कब्जे में कर लिया। साथ ही आसपास के सीसीटी फुटेज को भी पुलिस खंगालने में जुटी है। पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

# योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर बच्चों व अन्य लोगों को खिलायें फाइलेरिया रोधी दवाएं : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत 10 से 25 फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सदर अस्पताल रामगढ़ से किया। इस दौरान उपायुक्त ने दीप प्रज्जवलित कर अभियान का शुभारंभ करने के उपरांत स्वयं फाइलेरिया रोग से बचाव हेतु दवाई ली। मौके पर सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मियों ने भी



शुभारंभ करतीं उपायुक्त।

दवाइयां ली। इस दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन से अभियान के सफल संचालन के लिए की गई तैयारी की जानकारी लेने के उपरांत योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए जिले के सभी योग्य बच्चों/लोगों को दवाइयां खिलाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने फाइलेरिया रोग को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से सभी जिले वासियों से स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में फाइलेरिया रोधी दवाइयां खाने की अपील की। गौरतलब है कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के दौरान 25 फरवरी तक जिले में 10 लाख से अधिक लोगों को एल्बेंडाजोल एवं निर्धारित मात्रा में डीईसी की गोली खिलाई जाएगी। 10 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित किए गए बूथों पर स्वास्थ्य सहियाओं, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओं, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं आदि के द्वारा योग्य लोगों को दवाई खिलायी गयी जिसके उपरांत 11 फरवरी से 25 फरवरी तक घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लोगों को दवाइयां खिलाने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों चिकित्सकों एवं कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## शशांक जीएलए और तुषार बने जेएस कॉलेज अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपसू जिला इकाई की बैठक जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय इकाई का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजीव रंजन और संचालन कुणाल किशोर ने किया। मौके पर जिलाध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि शैक्षणिक अराजकता के खिलाफ किल करप्शन, क्लिन कैंपस अभियान आपसू चलाएगी और शिक्षण व्यवस्था सुचारू रुप से चले इसके लिए संघर्ष करेगी। आपसू उपाध्यक्ष कुणाल किशोर ने नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की। शंशाक दुबे -जीएलए कॉलेज अध्यक्ष, दिवाकर तिवारी जीएलए कॉलेज उपाध्यक्ष अंकित वर्मा - जीएलए कॉलेज सचिव बनाये गये। तुषार कुमार वर्मा- जेएस कॉलेज अध्यक्ष,हिमांशु तिवारी - जेएस कॉलेज उपाध्यक्ष और नंदनी कुमारी - जेएस कॉलेज सचिव मनोनीत की गयी। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में शशांक दुबे, बिट्टू कुमार, तुषार कुमार वर्मा, शुभम तिवारी, राहुल सिंह, अंकित तिवारी, रजत सिंह, समीर विशवा, आदर्श सिंह, नितीश चंद्रवंशी, सचिन शाह, आयुष ओझा, मनीष वर्मा, बदल कुमार, आनंद चंदेल, अमन वर्मा, आकाश ठाकुर, विक्की कुमार, ओम तिवारी, हिमांशु तिवारी, प्रियम कुमार, अश्वनिं कुमार, आकाश दीप, दिवाकर तिवारी का नाम शामिल है।

## इंस्पेक्टर रोहित कुमार के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

**बड़कागांव।** झारखंड सरकार परिवहन विभाग के निर्देशन एवं हजारीबाग परिवहन विभाग के यातायात परिवहन इंस्पेक्टर रोहित कुमार के नेतृत्व में मोटर वाहन संशोधित अधिनियम 2019 के तहत आज बड़कागांव थाना गेट के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सैकड़ों वाहन के विरुद्ध मुख्य रूप से बिना हेलमेट का वाहन चलाने, इंसुरेंस एवं पंजीकृत नहीं रहने, ट्रिपल लॉर्ड एवं नाबालिक बच्चों के विरुद्ध फाइन काटा गया। इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने कहा कि इस बार तो चेतावनी के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है। अगली बार बृहद पैमाने पर फाइन काटा जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि बिना हेलमेट वाहन चलाना धारा 194डी , बिना सीट बेल्ट यात्री वाहन चलाना धारा 194बी दुपहिया वाहन में ओवरलोडिंग धारा 194सी के तहत एक-एक हजार, ओवर स्पीड में वाहन चलाना धारा 183 के तहत एक से 2000 तक फाइन, रेड लाइट जंप, मोबाइल का प्रयोग करते वाहन चलाना, ओवरटेक करना, गलत दिशा में वाहन चलाना धारा 184 के तहत 1000 से 5000 तक का जुमार्ना या 6 माह से एक वर्ष तक का कारावास, नशे में वाहन चलाना धारा 185 के तहत 10,000 तक का जुमार्ना या छः माह का कारावास, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाना धारा 181 के तहत 5000 या 3 माह तक का कारावास, रेसिंग एवं गति का प्रशिक्षण धारा 189 के तहत 5000 तक का जुमार्ना या 3 माह का कारावास, बिना बीमा का वाहन चलाना धारा 196 2000 का फाइन, काला शीशा का प्रयोग धारा 190(2) के तहत 1000 से 2000 तक का फाइन, नाबालिक द्वारा वाहन चलाने पर धारा 199ए नाबालिक के तहत अभिभावक अथवा मालिक को 3 वर्ष तक का कारावास के साथ 25,000 तक का जुमार्ना, बिना निबंधन के धारा 192 के तहत 2000 से 5000 तक का जुमार्ना, आपातकालीन वाहन को रास्ता ना देना धारा 194 के तहत 10,000 का जुमार्ना, या छः माह का कारावास, बिना प्राधिकार का वाहन लेना धारा 197 के तहत 5000 का जुमार्ना या 3 माह का कारावास, अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा वाहन चलाना धारा 180 के तहत 5000 तक का जुमार्ना या 3 माह का कारावास, प्रेशर हॉर्न बजाने में धारा 190(2) के तहत 1000 से 2000 तक का जुमार्ना एवं आदेश का अवहेलना करने पर धारा 179 के तहत 500 का जुमार्ना निर्धारित है।

### जीर्णोद्धार कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

# शिक्षित बच्चे करेंगे शिक्षित समाज का निर्माण : विधायक

**मध्य विद्यालय भंडारो हुआ अपग्रेड, बच्चों व बच्चियों को मिलेगी अब माध्यमिक शिक्षा**


शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल विधायक व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड के भंडारो पंचायत स्थित मध्य विद्यालय के जीर्णोद्धार कार्य मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने शिलापट्ट का अनावरण कर और नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। सांसद प्रतिनिधि सह जिप प्रतिनिधि गणेश यादव, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ विधायक उमाशंकर अकेला का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने किया। बरही विधायक उमाशंकर

**कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा विकास पुरुष हैं बरही विधायक अकेला**

अकेला ने उपस्थित ग्रामीण और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही समाज में अज्ञानता रूपी अंधकार को मिटाया जा सकता है। बेटियों के पढ़ाई में विशेष जोर जरूर दें। जिस विद्यालय में आपके बच्चे पढ़ते हो उस विद्यालय पर विशेष निगरानी आपकी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में डीएमएफटी योजना के तहत तीन कमरा, कॉमन टॉयलेट, डीप बोरिंग कार्य करीब 99 लाख रुपए की लागत से होना है। सांसद प्रतिनिधि सह जिला परिषद प्रतिनिधि गणेश यादव ने कहा कि क्षेत्र की जनसमस्या का समाधान करने को लेकर वह हमेशा प्रयासरत रहते है। कहा कि सबों के सहयोग से बहुत जल्द विद्यालय का चाहरदीवारी का भी निर्माण कराया जाएगा। कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि बरही विधायक श्री अकेला विकास पुरुष है। जाति धर्म से ऊपर उठकर यह लोगों की सेवा करते आए है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू खान, पूर्व मुखिया शराफत अली, बैजनाथ यादव, रघुवीर यादव, रामानंद यादव, शमशेर आलम, संवेदक मोहन मेहता, अशोक शर्मा, पंसस प्रभु यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## पिछड़ों के लिए आजसू पार्टी हमेशा करती रहेगी संघर्ष : विजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** आजसू जिला कार्यालय में शुक्रवार को अखिल झारखंड पिछड़ा वर्ग महासभा के पदाधिकारियों द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग महासभा के प्रदेश संयोजक विजय साहू,गुड्डु यादव, वरीय पदाधिकारी सह नगर परिषद के उपाध्यक्ष मनोज महतो, जिलाध्यक्ष हरी रत्नम साहू मुख्य रूप से मौजूद थे। प्रदेश संयोजक विजय साहू ने कहा आजसू पार्टी ने हमेशा से सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ अपनी बातें रखती रही है और हमको लगता है कि सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने जो पिछड़ों के हक अधिकार के लिए अवमानना वाद याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर किया था । जिसमें कहा था कि झारखंड



प्रेस कांफ्रेंस करते लोग।

प्रदेश में स्थानीय निकाय के चुनाव बिना ट्रिपल टेस्ट के सरकार कर रही है उसमें माननीय सुप्रीम इंडिया ने झारखंड सरकार को आदेश दिया था आदेश दिया था कि आप शपथ पत्र दायर करके यह जानकारी दें कि आपने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना क्यों किया। जिसमें सरकार ने शपथ पत्र दायर किया और उसने कहा कि अब स्थानीय निकाय का जो भी चुनाव होगा वह बिना ट्रिपल टेस्ट के बगैर सरकार नहीं करवाएगी। यह बात यह सिद्ध करता है कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी नहीं होते तो फिर से झारखंड सरकार पिछड़ों की हकमारी करने की तैयारी कर रखी थी। लेकिन चंद्रप्रकाश चौधरी के पहल से आज पिछड़ों को उनका हक के लिए सरकार को झुकना पड़ा और सरकार ने माना कि हमसे गलती हुई इससे यह सिद्ध हुआ कि आजसू पार्टी ने सरकार की गलत नीतियों का जो विरोध कर रहे थे जिसमें पार्टी को विजय हासिल हुई है । हर समय यहां के लोगों के हक अधिकार के लिए आजसू पार्टी संघर्ष करती रहेगी और सरकार की गलत नीतियों का विरोध जारी रखेगी।

## साहिबगंज से शुरू होगा कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस भवन के सभागार में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने पत्रकार सम्मेलन में कहा कि भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मलिकार्जुन खडगे की उपस्थिति में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का शुभारंभ 11 फरवरी को दोपहर 1:00 से श्रीकुंड हाई स्कूल के मैदान साहिबगंज से किया जाएग। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अविनाश पांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी के निदेर्शानुसार पलामू जिला से सैकड़ों के संख्या में 11 फरवरी को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम साहिबगंज में भाग लेंगे।

## जामताड़ा में भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह के गानों पर झूमे लोग

### 51 कन्याओं के सामूहिक विवाह से पहले हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जामताड़ा।** जिले में 51 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। गुरुवार को सामूहिक विवाह से पहले मेहंदी और हल्दी रस्म के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने हिंदी और भोजपुरी गीत गाकर लोगों का खूब मनोरंजन किया। समारोह में शामिल लोगों ने अक्षरा सिंह के गानों पर खूब झूमें। जामताड़ा-दुमका रोड पर स्थित यज्ञ मैदान में गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह के मेंहदी की रस्म और गीत संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने शिरकत की। अक्षरा सिंह ने अपने बेहतरीन गानों से दूल्हा-दुल्हन के साथ साथ कार्यक्रम में शामिल लोगों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने अक्षरा के गीतों पर खूब डांस भी किया। कार्यक्रम में अक्षरा सिंह को देखने और गीत सुनने को लेकर श्रोताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने को लेकर प्रशासन को काफी मशक्कत भी करना पड़ा। बता दें कि आयोजन समिति की ओर से दुल्हन को पीली साड़ियां मुहैया कराया गया। इससे मेहंदी रस्म के दौरान सभी कन्या पीली साड़ी में दिखी। वहीं, शादी को लेकर कन्याओं को लहंगा और दूल्ले को शेरवानी के साथ पगड़ी मुहैया कराया गया है। समाजसेवी संगठनों की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 51 गरीब कन्याओं की शादी होगी। 9 फरवरी को मेहंदी रस्म और गीत संगीत का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 10 फरवरी यानी शुक्रवार को जेबीसी खेल मैदान से गाजे-बाजे के साथ 51 दूल्हे बराती के लिए निकलेंगे और यज्ञ मैदान पहुंचेंगे। यज्ञ मैदान में वरमाला और शादी की रस्म पूरी की जाएगी। आयोजन समिति की और से विदाई की भी व्यवस्था की गई है।

## चुरचू प्रखंड के इंद्रा पंचायत में 1.11 करोड़ रुपये की लागत से होगा सड़क निर्माण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चरही।** चुरचू प्रखंड के इंद्रा पंचायत के अतिपिछड़ा आदिवासी गांव कमार्बेडा में शंकर मुर्मू के घर से फौजी होटल एनएच -33 तक लगभग एक किलोमीटर पक्की सड़क का निर्माण डीएमएफटी मद से एक करोड़ ग्यारह लाख बारह हजार नौ सौ सत्तर रुपये की लागत से होगा।

यह ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के द्वारा कार्य कराया जायेगा। पूर्व जिप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति का भूमिका अहम है। ज्ञात हो कि 5 अगस्त 2021 को पूर्व जिप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को उक्त कमार्बेडा गांव में शंकर मुर्मू के घर से फौजी होटल एनएच -33 तक पक्की सड़क निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा था।ग्रामीण विकास मंत्री के दिये ज्ञापन के आलोक में हजारीबाग उपायुक्त व उपविकास आयुक्त को भी उक्त सड़क की स्वीकृति के लिए पत्र के माध्यम से अवगत किया गया। तत्पश्चात उक्त सड़क की स्वीकृति मिली। 10 फरवरी को ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल विभाग से टेंडर प्रकाशित हुआ है। कमार्बेडा गांव का पक्की सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने इस अवसर पर मिठाई बांटे। कमार्बेडा में शंकर मुर्मू के घर से फौजी होटल एनएच -33 तक पक्की सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के कारण ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।

पूर्व जिप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति के सफल प्रयास को ग्रामीणों ने सराहना किया। मौके पर कमार्बेडा के पूर्व वार्ड सदस्य फागु बेसरा, वर्तमान वार्ड सदस्य शीतल टुडू,समाजसेवी अनुराग मुर्मू ने कहा कि एनएच 33 से सटे आदिवासी गांव कमार्बेडा में रहने के बावजूद भी आजादी के बाद से आज तक उक्त गांव में पक्की सड़क का निर्माण नही हो पाया था।

### सेंट्रल सौंदा में दो दिवसीय बरका-सयाल क्षेत्र अंतर परियोजना खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

# उत्पादन ही नहीं, खिलाड़ियों को भी तराशता है सीसीएल : विनोद कुमार

**महिला-पुरुषों ने उत्साह के साथ खेलकूद में लिया हिस्सा, 11 को पुरस्कार वितरण के साथ समारोहपूर्वक संपन्न होगी प्रतियोगिता**


झंडारोहण कर प्रतियोगिता का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि विनोद कुमार।


हाई जंप के लिए छलांग लगाता युवक।


गुब्बारा उड़ाकर मैच का शुभारंभ कराते अतिथिगण।


सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि संचालन महाप्रबंधक विनोद कुमार।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेंट्रल सौंदा मैदान में दो दिवसीय बरका-सयाल क्षेत्र अंतर परियोजना खेल-कूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को आगाज हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल बरका- सयाल महाप्रबंधक संचालन बिनोद कुमार एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद सह एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार ने झंडोतोलन कर किया। इसके बाद मार्च पास्ट किया गया। तत्पश्चात डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों को स्वागत गान के साथ मंचासीन कराया गया। इस दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात गुब्बारा उड़ाकर व मशाल जलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। संचालनकर्ता भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक ने अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य जीएम संचालन बिनोद कुमार ने प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग होता है। इससे शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि सीसीएल प्रबंधन कोयला उत्पादन के साथ खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में ही हर संभव सहयोग करेगी। श्री कुमार ने कहा कि बेहतर प्रदर्शन कर अपने परियोजना का नाम रोशन करें। प्रतियोगिता के प्रथम दिन 1500, 1600, 800, 200 मीटर महिला-पुरूष दौड़, हाई जंप, लांग जंप, गोला फेक आदि खेल-कूद हुए। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को अतिथि ने बुके, मेडल व उपहार देकर सम्मानित किया। शनिवार को पुरस्कार वितरण के साथ दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन होगा। मौके पर भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक, बिरसा पीओ डी शिव दास, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, आरडब्लूएस भुरकुंडा पीओ पंजिआर, रस्मी हस्सा खालको, बिरसा मैनेजर रामेश्वर मुंडा, सयाल डी मैनेजर असरथ खान, एसओएमएम संजय सिंह, अमरेंद्र कुमार, एसएम डीभी गुप्ता, अजय कुमार, निशा होरो, वंदना लाल, जन सिंह, सुनील कुमार, आरके प्रसाद, श्रमिक नेता सतीश सिन्हा, उदय मालाकार, ड. अशीष कुमार, ललन सिंह, अजीत सिन्हा, श्रीकांत गुप्ता, अशोक गुप्ता, कमलेश कुमार, अर्जुन सिंह, महेंद्र सिंह, गणेश राम, एसएन प्रसाद, वासुदेव साव, विमल बिहारी, हरिनाथ महतो सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद सह एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार ने कहा कि हार और जीत खेल का पहलू होता है। हारने वाला टीम ही एक न एक जीत का असली स्वाद चखता है। उन्होंने कहा कि बरका-सयाल में बेहतर खिलाड़ियों की कमी नहीं है, सिर्फ तराशने की जरूरत है। श्री कुमार ने कहा कि खेल-कूद हमें शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन की भी सीख देता है।

**दो दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन इन खेलों को हुआ आयोजन :** प्रतियोगिता के 1500 मीटर दौड़ में प्रथम बाबू मुर्मू, द्वितीय संतू उरांव व अजय कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 1600 मीटर में उमेश बेदिया, अमित कुमार व कृष्ण करमाली क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर सफल प्रतिभागी घोषित हुए। जबकि 1500 मीटर महिला दौड़ में रीता देवी, शांति देवी व सुनिता देवी, 800 मीटर दौड़ में रीता देवी, शांति देवी व फुदवा देवी, 200 मीटर में किरण देवी, सुधनी देवी व अनिता देवी, पुरूष वर्ग के गोला फेंक में शशि दुसाध, अनुज कुमार व जीतराम मुर्मू, महिला वर्ग के गोला फेंक में ललीता देवी, अनिता देवी व मंजू देवी, पुरूषों के हाई जंप में कृष्णा करमाली, सनी मांझी व अजमुज मियां, महिलाओं के लांग जंप में यशोदा देवी, मुनको देवी व शुशीला देवी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने-अपने परियोजनाओं का नाम रोशन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीरेंद्र पासवान, अजय कुमार, संतोष पासवान, जेपी सिंह, वरुण कुमार, पीके कुंदन, सुनील कुमार, गंगेश्वर महतो, कमलेश यादव, गौरवचंद साव, केदार राम, मिस मेरी आदि जुटे हैं।